भारतीय संस्कृति चेतना के संवाहक "रवीन्द्रनाथ टैगोर"

रक्तदान-महादान, भारत विकास परिषद का एक सफल अभियान

संपर्क | सहयोग | संस्कार | सेवा | समर्पण

स्वस्थ-समर्थ-संस्कारित भारत ◆ Swasth-Samarth-Sanskarit Bharat

# नीति Niti

भारत विकास परिषद् — तमसो मा ज्योतिर्गमय — स्था. 1963 ®

वैशाख-ज्येष्ठ 2078 | May 2021

अंक 5 | पृष्ठ 36 | Rs. 10



# प्रथम स्वतंत्रता संग्राम

## First Freedom Struggle



डॉ. साहब के लेखन से चयनित लेख

# भारत विकास परिषद् व दूसरे सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन

## (भारत विकास परिषद् क्लब नहीं है)

भारत विकास परिषद् नागरिकों के प्रबुद्ध वर्ग का एक गैर राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा हेतु बनाया गया संगठन है। रोटरी क्लब एवं लायन्स क्लब की भाँति प्रबुद्ध नागरिकों के कुछ अन्य संगठन भी कार्यरत है। रोटरी क्लब का एक सदस्य लायन्स क्लब का सदस्य नहीं हो सकता एवं लायन्स का सदस्य भी रोटरी में नहीं जा सकता किन्तु भारत विकास परिषद् की सदस्यता के लिए ऐसा कोई प्रतिबन्ध नहीं है क्योंकि परिषद् मौलिक रूप से इन क्लबों से भिन्न है।

भारत विकास परिषद् क्लब नहीं है। यह चुने हुए समृद्ध एवं प्रबुद्ध लोगों की ऐसी एक समिति है जिन्होंने निर्धनों, बेसहारा एवं निराधार लोगों की सेवा के लिए अपने को अर्पित कर दिया है। ये प्रबुद्ध लोग उन निर्धनों में उत्तरदायित्व की भावना एवं आत्म विश्वास जागृत करना चाहते हैं एवं वास्तव में सच्ची सेवा का मर्म भी यही है।

रोटरी एवं अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं का जन्म भारत के बाहर हुआ है एवं वे ऐसे स्रोतों से प्रेरणा प्राप्त करते हैं जो भारत के लिए अपरिचित एवं प्रतिकुल हैं उन पर विदेशी संस्कृति की गहरी छाप लग जाती है जो उनके विचारों एवं गतिविधियों को भी प्रभावित करती है। इन संगठनों का वास्तविक नियंत्रण भारत के बाहर निवास करने वाले कुछ व्यक्तियों के हाथों में रहता है। इन संगठनों द्वारा भारत में इक्ट्ठे किये गये धन का अधिकांश भाग विदेशों को चला जाता है एवं विदेशियों की इच्छानुसार ही उसे खर्च किया जाता है। इस धन का एक बहुत छोटा भाग इस देश के निवासियों के हित में व्यय करने के लिए उपलब्ध हो पाता है। बाहरी तौर पर इन क्लबों ने स्थानीय एवं राष्ट्रीय आयाम अपना लिया है। वे स्थानीय भाषा का प्रयोग करते हैं एवं राष्ट्रगान भी गाते हैं किन्तु पश्चिमी संस्कृति की तुलना में एक हीन भावना एवं पश्चिम की तड़क-भड़क वाली दुनिया के प्रति एक दासत्व का भाव इनमें स्पष्ट देखा जा सकता है। इसके विपरित भारत विकास परिषद् पूर्ण रूप से एक स्वदेशी संगठन है एवं इसका दृष्टिकोण भी पूर्ण रूपेण राष्ट्रीय है। इसकी कल्पाना भी भारत में ही की गई एवं इसका जन्म भी यहीं हुआ है। यह उस भारतीय संस्कृति एवं दन भारतीय मूल्यों से ही प्रेरणा प्राप्त करता है जिनकी रक्षा एवं उत्कर्ष के लिए इसकी स्थापना की गई है।

क्लब तथा परिषद् के मध्य मुख्य अन्तर हमारे आदर्शों, दर्शन, उद्देश्यों, गतिविधियों एवं सोचने के तरीके में है।

क्लबों का मुख्य उद्देश्य सामाजिक रूप से मिलना जुलना एवं खान-पान तथा मनोरंजन है अतः स्वाभाविक रूप से ये इसके आवश्यक अंश हैं परिषद् की सामाजिक मेल-जोल के महत्व को स्वीकार करती है जिसके बिना सम्पर्क एवं सहयोग संभव नहीं है। किन्तु परिषद् में मेल-जोल किसी उद्देश्य पूर्ति का एक साधन है वह स्वयं में उद्देश्य नहीं है। इसलिए मिलने-जुलने पर उतना ही जोर दिया जाना चाहिए जितना सम्पर्क एवं सहयोग के लिए आवश्यक हो।

समाज सेवा क्लबों एवं परिषद् दोनों का ही लक्ष्य है किन्तु दोनों में समाज सेवा की परिभाषा भिन्न हैं भारत विकास परिषद् के लिए सेवा का अर्थ देश का समग्र विकास, राष्ट्रीय संस्कृति एवं परम्पराओं की सुरक्षा, नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का पुनर्रुत्थान तथा इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश का पुनर्निर्माण है। अतः परिषद् को ऐसे कार्यक्रम हाथ में लेने चाहिए जिनका देश तथा समाज पर गहरा प्रभाव पड़े। इन कार्यक्रमों की सफलता के लिए लोगों की मानसिकता बदलने की आवश्यकता है।

इसकी तुलना में क्लबों द्वारा की जा रही सेवा एक सतही कार्यक्रम है जिसका समाज पर कोई गहरा प्रभाव नहीं पड़ता। इस सतही सेवा से इन लोगों को आत्म तुष्टि मिलती है जो अपनी अकूल संपदा का छोटा सा अंश समाज सेवा के नाम पर खर्च करते हैं एवं प्रायः ही उनका उद्देश्य अपना स्वयं का प्रचार एवं अपने हितों को बढ़ावा देना होता है। खर्च किये धन का एक बहुत छोटा अंश ही उन निर्धन लोगों तक पहुँच पाता है जिनके लिये खर्च किया गया है। वास्वत में इन क्लबों में काम कम एवं प्रचार अधिक होता है। ■

57 Years In the Service of Mankind

BHARAT VIKAS PARISHAD

May 2021, No. 05, Vol XXXXXIVVXVXVXVXIIV
सृष्टि संवत् : 1, 96, 08, 53, 122 शकसंवत् 1943
वैशाख-ज्येष्ठ 2078 दयानन्दाब्द 199 कलि संवत् 5124

नीति | Niti

Mouth piece of Bharat Vikas Parishad with a circulation of 59650

National President
**GAJENDRA SINGH SANDHU**
Rudrapur | +91-9412136841

National Vice President (HQ)
**MAHESH BABU GUPTA**
Noida | +91-9811226601

National Secretary General
**SHYAM SHARMA**
Kota | +91-9829038190

National Finance Secretary
**SAMPAT KHURDIA**
Mumbai | +91-9821139149

National Organising Secretary
**SURESH JAIN**
Delhi | +91-9974399944

National Chairman Prakashan
**DR SURESH CHANDRA GUPTA**
Farrukhabad | +91-9415334709

National Secretary Prakashan Editor Niti
**MANOJ AVASTHI**
Ghaziabad | +91-9953495747, 9891153495

नीति समाचार भेजने के लिए केवल- niti@bvpindia.com का प्रयोग करें।

Niti e-paper : This issue is also available on Parishad's website **www.bvpindia.com**

Published & Printed by Ajay Dutta for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034 Editor : Dr. S.C.Gupta Printed at: DEEYA MEDIA ART, D-41/A, Opposite Metro Pillar No. 33, Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092, Ph.: 9312550335

''जिस तरह मनुष्य नश्वर है, ठीक उसी तरह विचार भी नश्वर हैं। जिस तरह पौधे को पानी की जरूरत पड़ती है, उसी तरह एक विचार को प्रचार-प्रसार की जरूरत होती है। वरना दोनों मुरझा कर मर जाते हैं।''

# IN THIS ISSUE

| | |
|---|---|
| सम्पादकीय | 4 |
| पाठकनामा | 6 |
| भारतीय संस्कृति चेतना के संवाहक ''रवीन्द्रनाथ टैगोर'' | 7 |
| प्रथम स्वतंत्रता संग्राम-1857 | 9 |
| रक्तदान-महादान, भारत विकास परिषद का एक सफल अभियान | 13 |
| अक्षय तृतीया | 20 |
| वीर सावरकर | 21 |
| भारत विकास परिषद का सराहनीय कार्य | 23 |

## मई मास के पर्व

01 : श्रमिक दिवस
09 : गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर जयन्ती
10 : प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आरंभ
14 : वृष संक्रान्ति, परशुराम जयन्ती, अक्षय तृतीय, ईद-उल-फितर
17 : सूरदास जयन्ती, आद्यशंकराचार्य जयन्ती
26 : बुद्ध पूर्णिमा
28 : वीर सावरकर जयन्ती

Central & Regd. Office:
**BHARAT VIKAS BHAWAN**
Behind BD Block DDA Market, Power House Road, Pitampura, Delhi -110034
Ph: 011- 27313051, 27316049, 27314515
e-mail : bvp@bvpindia.com
niti@bvpindia.com
website : www.bvpindia.com

Price : Rs. 10.00 Per Copy
Annual Subscription : Rs. 100.00

Please forward news at niti@bvpindia.com

# प्राथमिक दायित्व भोजन व जन स्वास्थ्य की व्यवस्था



मनोज अवस्थी

**स्वामी विवेकानन्द के अनुसार सच्ची ईश्वर उपासना मानव जाति की सेवा है। जब हमारा पड़ोसी भूखा मरता है तो मंदिर में भीड़ लगाने का कोई अर्थ नहीं। उनके अनुसार 'मेरे जीवन का परम लक्ष्य उस ईश्वर के विरुद्ध संघर्ष करना है जो दुखी विधवाओं को आँसू पोछने में असमर्थ है, जो अनाथ बच्चों को रोटी का टुकड़ा नहीं दे सकता।**



भुखमरी की खबरे प्रायः उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, बंगाल, झारखण्ड व महाराष्ट्र से प्राप्त हुई। जिस देश में गौ-ग्रास के नियमों का पालन होता हो वहाँ बाल्य अवस्था में बच्चों की भूख से मौत शोचनीय, जहाँ अनेक समाज सेवी संस्थाएँ मानव उत्थान व विकास के समाजिक कार्यों में संलग्न हो, जहाँ सैकड़ो, करोड़ो रुपये धार्मिक चढ़ावा चढ़ता हो, जहाँ हजारो करोड़ रुपये सामाजिक विभागों का बजट हो, वहाँ भूख से मनुष्य की मौत, अन्तरात्मा को विचलित कर देती है। ऐसी घटनाएँ आत्म चिन्तन पर मजबूर करती है। कहीं समाज सेवी मात्र पंचतारा पद्धति का अनुसरण करने में लीन तो नहीं। कहीं-'मंच, माला, माईक' के दुष्चक्र ने हमें चेतना शून्य तो नहीं कर दिया है।

रंगराजन कमेटी के अनुसार लगभग 30% भारतीय आबादी 'गरीबी रेखा से नीचे' जीवन व्यतीत कर रही है। सरकार अन्तोदय योजना समेत अनेक योजनाएँ चलाकर अर्थव्यवस्था के निचले स्तर तक पौष्टिक भोजन व पानी की व्यवस्था का प्रयास कर रही है। संविधान के अनुसार भोजन व जन स्वास्थ्य उपलब्ध कराना राज्य का प्राथमिक दायित्व है। देश में पिछले 70 सालों में अनाज का उत्पादन कई गुणा बढ़ा, किन्तु भंडारण सुविधाओं तथा सरल वितरण प्रणालियों के अभाव में उपभोक्ता सहायक मार्केट अर्थव्यवस्था पूर्णतः विकसित न हो सकी। संयुक्त राष्ट्र को भी भारत में कुपोषण व भुखमरी के कारण निराशा हुई।

भूख पहले मस्तिष्क पर हावी होती है। धीरे-धीरे सभी अंगों की चेतना को समाप्त कर शून्य कर देती है। व्यक्ति शरीर, मन, नेत्र, मस्तिष्क, अहंकार, संस्कार, चरित्र से शून्य, भूख के आगे सर्वस्व हार जाता है। परिषद् की कुछ जागरूक इकाईयाँ हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश में कही रुपये 5/- अथवा निशुल्क भोजन व्यवस्था कर रही है। वास्तव में जरूरतमंद मानव की सेवा ही ईश्वर की पूजा है।

स्वामी विवेकानन्द के अनुसार सच्ची ईश्वर उपासना मानव जाति की सेवा है। जब हमारा पड़ोसी भूखा मरता है तो मंदिर में भीड़ लगाने का कोई अर्थ नहीं। उनके अनुसार 'मेरे जीवन का परम लक्ष्य उस ईश्वर के विरुद्ध संघर्ष करना है जो दुखी विधवाओं को आँसू पोछने में असमर्थ है, जो अनाथ बच्चों को रोटी का टुकड़ा नहीं दे सकता। वास्तविक पूजा निर्धन और दरिद्रों की पूजा है, रोगी और कमजोर की पूजा है। जिन लोगों को दो जून भोजन नहीं मिलता उनसे ईश्वर की चर्चा कैसे की जाए? उनके लिए तो रोटी ही ईश्वर है।

समय की माँग है कि पंचतारा पाश्चात्य प्रणाली त्यागकर, परोपकार परंपरा पुष्ट कर, सादा जीवन-उच्च विचार अपनाकर 'स्वस्थ-समृद्ध-सुसंस्कृत' भारत के निर्माण हेतु करबद्ध हों।

जय हिन्द

# LIST OF NEWLY INCORPORATED / CHANGED / REPLACED NATIONAL, PROJECT AND REGIONAL OFFICE BEARERS FOR 2021-22

## NATIONAL OFFICE BEARERS :-

1. National Vice President - North-I
   Shri Dev Raj Sharma, Jammu
2. National Addl. Secy., General (North-II)
   Shri Raj Kumar Agarwal, Faridabad
3. National Secretary-Finance (North-I)
   Shri Nipun Mahajan, Sujanpur
4. National Secretary (North-II)
   Shri K.K. Arora, Fatehabad
5. National Secretary (North-II)
   Shri Subhash Manocha, Delhi

## NATIONAL PROJECT OFFICE BEARERS :-

### Sewa

6. National Project Chairman
   Shri Vinod Mittal, Gurugram
7. National Project Vice-Chairman
   Shri Madhav Sharma, Delhi
8 National Project Secretary
   Shri Anil Goyal, Jodhpur
9. National Project - Member
   Shri Kamal Kishore Vyas, Rajsamand

### Samagra Gram Vikas

10. National Project Chairman
    Shri Ajay Bansal, Gwalior
11. National Project Vice Chairman
    Shri Mahipal Yadav, Hisar

### Sanskar

12. National Project Vice Chairperson
    Smt. Santosh Godha, Udaipur
13. National Project Secretary
    Shri Balraj Acharya, Bhilwara
14. National Project - Member
    Smt. Mamta Sharma, Hapur

### Mahila & Bal Vikas

15. National Project - Member
    Smt. Rajshree Gandhi, Udaipur

### Publicity

16. National Project Vice Chairman
    Shri Beermangal Sarma, Imphal
17. National Project Secretary
    Shri Arihant Jain, Delhi

## REGIONAL OFFICE BEARERS :-

### North-I Region

1. Regional Secretary-Mahila & Bal Vikas
   Smt. Amita Sharma, Jammu

### North-II Region

2. Regional Secretary-Sewa
   Shri Ramesh Singhla, Jind
3. Regional Secretary-Sanskar
   Shri Anil Mohan Mangla, Palwal
4. Regional Secretary-Mahila & Bal Vikas
   Smt. Nidhi Jain, Gururam
5. Regional Secretary Sampark
   Shri Surendra Lahoria, Hisar
6 Regional Secretary Sanskar
   Shri Paramjit Pahwa, Shahabad
7. Regional Secretary Mahila & Bal Vikas
   Smt. Anupama Aggarwal, Hisar
8. Regional Secretary-Sampark
   Shri Subhash Gupta, Delhi
9. Regional Secretary-Mahila & Bal Vikas
   Smt. Sweta Asudani, Delhi
10. Regional Secretary - Sewa
    Shri Arun Jain, Delhi
11. Regional Secretary - Sewa
    Shri Hemant Gupta, Delhi
12. Regional Secretary - Sampark
    Shri Ramesh Gupta, Delhi
13. Regional Secretary - Mahila & Bal Vikas
    Smt. Anju Malhotra, Delhi

### North Central-I Region

14. Regional Secretary-Sewa
    Shri Vinay Singh, Agra

### North Central-II

15. Regional Secretary-Mahila & Bal Vikas
    Smt. Roopam Tiwari, Lucknow
16. Regional Secretary-Sanskar
    Shri Ashok Agarwal, Azamgarh
17. Regional Secretary-Mahila & Bal Vikas
    Smt. Suman Agnihotri, Varanasi

### Central Region

18. Regional Secretary-Sampark
    Shri Ashok Jain, Dhar

### North West Region

19. Regional Secretary-Mahila & Bal Vikas
    Smt. Gunmala Agarwal, Bhilwara
20. Regional Secretary-Sanskar
    Shri Hemant Joshi, Jaipur

**Rest is as per previous year directory-2020-21**

-Shaym Sharma, National Secretary General

# पाठकनामा




श्री मनोज अवस्थी जी, नमस्कार। आज अप्रैल 2021 नीति प्राप्त हुई। उसके रंगीन स्वरूप को देखकर गौरव की अनुभूति हुई। आपके इस प्रयास की जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। आपको पुनः इस उत्तम कार्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। ***-अजय दत्ता, नेशलन कोऑर्डिनेटर, भारत विकास परिषद्***

अप्रैल माह की नीति प्राप्त हुई, नये कलेवर में काफी प्रभावशाली है, आपको बहुत-बहुत बधाई। -दीपक रुइया, भारत विकास परिषद्, झारखण्ड

अति सुन्दर सम्पादकीय। ***-आर.बी. श्रीवास्तव, रायबरेली।***

नव संवत्सर ''नीति'' अपने नये कलेवर के साथ नवरंग छटा लिए हुए आँखों को एक नयेपन का सुखद अहसास करा गई। आलेखों के प्रकाशन ने ''नीति'' को महज़ समाचार पत्र के शुष्क धरातल से उठाकर एक रोचक पत्रिका का रूप दिया है। सम्पादक महोदय को उनके इस नव प्रयास के लिए साधुवाद। ***-डॉ. कुमकुम कपूर, राजस्थान उत्तर पूर्व।***

नीति का अप्रैल 2021 का अंक बहुत अच्छा लगा। पूरा कलेवर बदला हुआ है। आदरणीय सम्पादक जी को बहुत-बहुत बधाई। पत्रिका का प्रस्तुतीकरण पहले से रोचक और सुन्दर हो गया है। मैं बदलाव का अभिनन्दन करता हूँ। सादर, ***-प्रदीप कुमार चौरसिया, शिवा शाखा काशी प्रदेश।***

Dear Shri Awasthiji, Received the April 21 issue of NITI. You have changed the appearance of the magazine and I think to some extent the contents also! राष्ट्रीय अध्यक्ष की कलम से is missing. Number of coloured pictures / photos/ their size, quality of paper, better type for printing-all nice changes and congratulations to you and your Prakashan Editorial team to make NITI attractive !"I suggest give some space for readers' letters "The number of pages reduced from 36 to 32 ? "Also noted that news or reports in English are much reduced ? "Regards -***"Manohar Gadre "Chennai Vyasa branch.***

Respected sir, I am holding Niti April 2021 in my hands at the moment. Kindly accept my heartiest appreciation for the new look NITI. Design and layout, content, illustrations, typeface, quality of paper and printing is really good. It is a remarkable improvement over the previous issues.Once again, congratulations to team NITI from the core of my heart on this improved version. This new version will go a long way in building brand BVP. With best wishes. Good day. Regards. -***Arun Kumar Narula.***



रविंद्रनाथ टैगोर सदैव ही मानवता को राष्ट्रवाद से ऊँचे स्थान पर रखते थे। गुरुदेव ने कहा था, ''जब तक मैं जिंदा हूँ तब तक मानवता के ऊपर देशभक्ति की जीत नहीं होने दूंगा।''

# भारतीय संस्कृति चेतना के संवाहक ''रवीन्द्रनाथ टैगोर''

देवेंद्र मिर्जापुरी, बुलंदशहर

''आमार शोनार बांग्ला, आमि तोमाए भालोबाशी...चिरोदिन तोमार आकाश, तोमार बाताश, आमार प्राने बजाए बाशी'' से लेकर ''जन गण मन अधिनायक'' साहित्य को देश से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक नई पहचान दिलाने वाले पहले नोबल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर ने दो देशों के राष्ट्रगानों को अपनी कलम से संवारा है, भारत के राष्ट्रगान के अलावा गुरुदेव ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान ''आमार सोनार बांग्ला'' को भी लिखा था।

गुरुदेव के नाम से मशहूर रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई, 1861 को कोलकाता में जोरासंको हवेली में हुआ था। रवींद्रनाथ टैगोर सिर्फ एक कवि ही नहीं बल्कि अनूठे संगीतकार मशहूर चित्रकार और विख्यात लेखक एवं दार्शनिक तथा भारतीय संस्कृति चेतना में नई जान फूँकने वाले युगदृष्टा पुरुष थे। रविन्द्र नाथ टैगोर के हिस्से में 3 जमीदारियां भी आती थी, परंतु उन्होंने कभी भी ऐशो आराम नहीं चाहा इसलिए ही शायद वो उन सब से अलग रहे। विश्वविख्यात महाकाव्य गीतांजलि की रचना के लिये उन्हें 1913 में उनकी गीतांजलि कृति को साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले साहित्य के क्षेत्र में वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता बने। नोबेल पुरस्कार विजेता वे अकेले भारतीय हैं जिनपर साहित्य को हमेशा गर्व रहेगा।

रविंद्रनाथ टैगोर सदैव ही मानवता को राष्ट्रवाद से ऊँचे स्थान पर रखते थे। गुरुदेव ने कहा था, ''जब तक मैं जिंदा हूँ तब तक मानवता के ऊपर देशभक्ति की जीत नहीं होने दूंगा।'' टैगोर गाँधी जी का बहुत सम्मान करते थे। लेकिन वे

उनसे राष्ट्रीयता, देशभक्ति, सांस्कृतिक विचारों की अदला बदली, तर्कशक्ति जैसे विषयों पर अलग राय रखते थे। हर विषय में टैगोर का दृष्टिकोण परंपरावादी कम और तर्कसंगत ज्यादा हुआ करता था, जिसका संबंध विश्व कल्याण से होता था। टैगोर ने ही गांधीजी को महात्मा की उपाधि प्रदान की थी।

सन् 1863 में रवींद्रनाथ टैगौर के पिता श्री देवेन्द्रनाथ टैगौर ने करीब सात एकड़ जमीन पर शान्तिनिकेतन आश्रम की स्थापना की थी जहाँ पर आज विश्वभारती विश्वविद्यालय है।

गुरुदेव (रविन्द्रनाथ टैगोर) सन् 1901 में सियालदह छोड़कर शान्तिनिकेतन आ गए। प्रकृति की गोद में पेड़ों, बगीचों और एक लाइब्रेरी के साथ टैगोर ने शान्तिनिकेतन की स्थापना की तथा केवल पाँच छात्रों को लेकर स्कूल खोला जिसमें उनका अपना पुत्र भी शामिल था। जिसे सन् 1921 में विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ। शान्तिनिकेतन में टैगोर ने अपनी कई साहित्यिक कृतियां लिखीं थीं और यहां मौजूद उनका घर आज भी ऐतिहासिक महत्व का है।

रवींद्रनाथ टैगोर भारत के उन देदीप्यमान रत्नों में से एक हैं, जिन्होंने भारत के चेहरे को पढ़ने का प्रयास किया, जिन्होंने भारत के खोए हुए आत्म-विश्वास को ढूँढने का प्रयास किया, जिन्होंने मानवता के, कष्टों से राहत, छुटकारे और बोध के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत के वेदों और उपनिषदों की म्रियमाण संस्कृति को नवीन जीवन और चेतना देकर अंतर्राष्ट्रीय प्रांगण में खड़ा किया, जिन्होंने देश रग-रग में 'उत्थितव्यम्', 'जाग्रतव्यम्' और 'बोधितव्य' की प्रचुर भावना का संचार किया, जिन्होंने प्रकृति की मंद सिहरन और रहस्यमय रूप से तादात्म्य स्थापित किया, गुरुदेव ने कला को सौंदर्य का बोध दिया, जिन्होंने सौंदर्य को गति दी और जिन्होंने गति को शिव तक पहुँचाया।

रविन्द्रनाथ टैगोर को सन् 1915 में एक समारोह में अंग्रेजों द्वारा नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया गया था लेकिन सन् 1919 में जलियांवाला बाग हत्या कांड की घटना से आहत होकर गुरुदेव (रविन्द्रनाथ टैगोर) ने यह उपाधि लौटा दी थी।

रवींद्रनाथ टैगौर ने काव्य रचनाओं के अलावा उपन्यास भी लिखे जिनमें चोखेर बाली, घरे बहिरे एवं गोरा आदि मुख्य हैं। अपने राष्ट्र एवं संस्कृति के उत्थान के लिए सदैव अपने साहित्य एवं दार्शनिकतापूर्ण विचारों में लीन रहते हुए दिनाँक 7 अगस्त 1941 को गुरुदेव (रवींद्रनाथ टैगोर) अपना शरीर त्याग ब्रह्मलीन हो गए।



गुरुदेव (रवींद्रनाथ टैगोर) का एक बहुत विश्व प्रसिद्ध गीत हैं बंगला भाषा में जिसका हिंदी अनुवाद इस लेखऽमें लिख रहा हूँ क्योंकि बिना गुरुदेव के गीत के ये लेख भी अधूरा रह जायेगा।

मूल बांग्ला से अनुवाद : रणजीत साहा के द्वारा किया गया......

*तुम अब तो मुझे स्वीकारो नाथ*
*तुम अब तो मुझे स्वीकारो नाथ, स्वीकार लो।*
*इस बार नहीं तुम लौटो नाथ-*
*हृदय चुराकर ही मानो।*

*गुजरे जो दिन बिना तुम्हारे*
*वे दिन वापस नहीं चाहिए*
*खाक में मिल जाएँ वे*
*अब तुम्हारी ज्योति से जीवन ज्योतित कर*
*देखो मैं जागूँ निरंतर।*

*किस आवेश में, किसकी बात में आकर*
*भटकता रहा मैं जहाँ-तहाँ-*
*पथ-प्रांतर में,*
*इस बार सीने से मुख मेरा लगा*
*तुम बोलो आप्तवचन।*

*कितना कलुष, कितना कपट*
*अभी भी हैं जो शेष कहीं*
*मन के गोपन में*
*मुझको उनके लिए फिर लौटा न देना*
*अग्नि में कर दो उनका दहन।*

***मूल गीत (रवीन्द्रनाथ ठाकुर)***



रानी लक्ष्मीबाई

# स्वतंत्रता प्रथम संग्राम-1857

***“खींच देते हैं फलक पै जो इरादों से लकीर,
वक्त लगता हैं मगर आकाश फटता हैं वहीं से।”***

ये क्रांतिकारी पंक्तियां उस जोश और आक्रोश को दर्शित करती हैं कि अपने अटल इरादे लेकर भारत माँ के वीर सपूत जान की परवाह किये बिन स्वतंत्रता की आग में कूद पड़े।

स्वतंत्रता के लिए सर्वप्रथम बिगुल फूँकने वाले आजादी के अग्रदूत प्रणवीर मंगल पाण्डे को भला कौन नहीं जानता। 1857 की क्रांति अगर कहे तो विचारों की वो लड़ाई थी जो आजादी का प्रथम युद्ध के नाम से अमर हो गई। यह युद्ध अंग्रेजों की उन दमनकारी नीतियों के खिलाफ था, जिनसे भारतीयों का स्वाभिमान व गौरव आहत हो रहा था,




**मंगल पांडे, रानी लक्ष्मी बाई, बाहदुरशाह जफर, तांत्या टोपे, झलकारी बाई, आदि लोगों की आहुतियों ने पूरे देश मे चल रहे विद्रोह के हवन की हवि की लपटों को बहुत ही विकराल कर दिया था और पूरे देश के समक्ष एक उदहारण पेश किया कि हाँ ये अँग्रेज कितने ही ताकतवर क्यूँ न हो इनके खिलाफ जंग लड़ी जा सकती हैं।**

चाहे वो सामाजिक तौर पर हो या राजनैतिक तौर पर हो । मंगल पांडे, रानी लक्ष्मी बाई, बहादुर शाह जफर, तांत्या टोपे, झलकारी बाई, आदि लोगों की आहुतियों ने पूरे देश मे चल रहे विद्रोह के हवन की हवि की लपटों को बहुत ही विकराल कर दिया था और पूरे देश के समक्ष एक उदहारण पेश किया कि हाँ ये अँग्रेज कितने ही ताकतवर क्यूँ न हो इनके खिलाफ जंग लड़ी जा सकती हैं।

इस क्रांति का अंजाम भले ही कैसा रहा हो परन्तु शुरुआत एक साधारण से सिपाही मंगल पांडे ने की, जिसने भारत माँ की आन मान और शान की रक्षा के लिए अपने धर्म पथ पर अडिग रहकर इतने बड़े साम्राज्य के खिलाफ बगावत का प्रथम विगुल फूँककर आजादी की बलि वेदी पर सर्वप्रथम अपने प्राणों की आहुति दी जिसकी बदौलत आज उस साम्राज्य का नामों निशा तक मिट गया आज इतीहास मे लौट कर देखें तो सोचक लगता हैं वाकई ये कितना चुनौति पूर्ण रहा होगा।

***वह घटना-क्रम निम्न प्रकार था कि-***

अंग्रेजों की सेना में जो भारतीय जीवन थे उन्हें चर्बी लगे कारतूस दिए जाते थे और उनको मुँह से खोलकर चलाना पड़ता था। जवानों के बीच में ये बात फैली हुई थी कि इसको बनाने में गाय और सूअर की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है, जो हमारे मुँह जाती है और अंग्रेज शासक हम भारतीयों का धर्म नष्ट करना चाहते हैं।


इस तथ्य की जानकार होने पर मंगल पांडे ने इन कारतूसों का इस्तेमाल करने से इंकार कर दिया। उनकी देखा-देखी दूसरे जवानों ने भी इसका इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया था। 29 मार्च 1857 के दिन बैरकपुर के परेड मैदान में मंगल पाण्डे ने अपने अफसर का आदेश मानने से न सिर्फ इंकार कर दिया बल्कि अपनी बंदूक का भारत माँ की शान के लिए अन्याय के विरुद्ध प्रयोग कर उस फिरंगी अधिकारी को घायल भी कर दिया था। तभी अधिकारी ने एक अन्य सैनिक को मंगल को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। लेकिन उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया। तब मंगल पांडे ने अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंकने का एलान कर दिया और इस तरह से शुरू हुई 1857 की क्रांति की शुरुआत हुई।

भारतीयों के पास आपस में संवाद

करने के माध्यम नहीं थे तो वे किसी भी चिन्ह आदि से अपनी बात एक दूसरे तक पहुँचाते थे। उनके सन्देश का आदान-प्रदान करने के माध्यम में कमल के फूल व रोटियाँ ही शामिल रहीं। गोरों के विरुद्ध देश व्यापी विप्लव का दिन 31 मई 1857 नियत किया गया था क्योकि अंग्रेजी शासन का विरोध तो हर भारतीय हृदय में था, लेकिन परिस्थितियोंवश 29 मार्च 1857 को भारत माता के वीर सपूत मंगल पाण्डे ने अपने विरोध शाब्दिक और प्रहारिक अभिव्यक्ति देकर गोरी सरकार के शासन के विरुद्ध विद्रोह की चिंगारी को ऐसी हवा दी कि भारत भूमि स्वतंत्रता की वेदी बन गई अनेकों वीर क्रांतिकारी उस वेदी में कूदकर क्रांति की उस मशाल को अपने लहू से प्रज्ज्वलित करने को आतुर हो उठे। और इसी जोश का परिणाम यह हुआ कि 8 अप्रैल सन 1857 को बैरकपुर छावनी कलकत्ता में भारत माँ के वीर सपूत मंगल पाण्डे को अंग्रेजों ने फाँसी पर लटका दिया। 10 अप्रैल 1857

तांत्या टोपे





बहादुर शाह जफर

को मंगल की फाँसी की खबर मेरठ मुख्यालय पर पहुँचते ही तब बहादुरशाह के नेतृत्व में रात्रि को ही विप्लव की लपटों में समूचे मेरठ क्षेत्र का ब्रिटिश साम्राज्य जल उठा, देशी सैनिकों एवं वहाँ की जनता ने अंग्रेजों के बँगलों में आग लगा दी।

विद्रोह की चिंगारी समूचे देश में आग की लपटों की तरह फैल गई। देशी सेना के सिपाही मंगल पाण्डे के बलिदान से मेरठ व बुलन्दशहर में भी विद्रोह की ज्वाला लपटें विकराल हो गईं।

4 जून 1857 को झाँसी रियासत में भी देशी सेनाओं द्वारा विद्रोह का बिगुल बजा दिया। और रानी लक्ष्मीबाई के साथ नाना साहब, रावसाहब और तांत्या टोपे




**बलिदानों की यह श्रृंखला मंगल पाण्डे से प्रारंभ हुई और आजादी के इस महायुद्ध में कितने ही भारतीय वीर नौजवानों को फाँसी पर लटका दिया गया, भारत माता के वीर सपूत हँसते-हँसते आजादी की इस वेदी पर आहुत हो गए। भारत माता केवल सिंहों को ही नहीं, सिंहनियों को भी जन्म देती है। आजादी की इस लड़ाई में न केवल नौजवानों ने ही अपना बलिदान दिया बल्कि बुजुर्ग और भारतीय वीरांगनाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए।**

आदि अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह की मशाल को अपने हाथों में थामे हुए आजादी की जंग में निकल पड़े। भारतीय वीरों एवं वीरांगनाओं के विद्रोह ने ब्रिटिश साम्राज्य की अत्याचारी सत्ता में खलबली मचा दी।

बलिदानों की यह श्रृंखला मंगल पाण्डे से प्रारंभ हुई और आजादी के इस महायुद्ध में कितने ही भारतीय वीर नौजवानों को फाँसी पर लटका दिया गया, भारत माता के वीर सपूत हँसते-हँसते आजादी की इस वेदी पर आहुत हो गए। भारत माता केवल सिंहों को ही नहीं, सिंहनियों को भी जन्म देती है। आजादी की इस लड़ाई में न केवल नौजवानों ने ही अपना बलिदान दिया बल्कि बुजुर्ग और भारतीय वीरांगनाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए।

अंग्रेजी सत्ता को जड़ से उखाड़ने में समय तो लगा वे 90 सालों तक भारत पर अपने प्रभुत्व का सपना देखते रहे अंत में अंग्रेजों को भारत से भागना पड़ा, वे इतनी आसानी से भारत को छोड़कर नहीं भागे थे, उन्होंने आसानी से हार नहीं मानी बल्कि भारत की स्वतंत्रता को भारतीय वीरों एवं वीरांगनाओं के रक्त से ऐसा रँग दिया था कि भारतीय लहू के वे छींटे आज भी भारतीय इतिहास के पन्नों में अंकित हैं।

*यदि पाण्डे की हुंकारों*
*में कसमें भरी नहीं होतीं*
*गोरों की काली करतूतें*
*करती दमन रही होतीं।।*

*याद करें उस अलबेली को*
*झाँसी की पहचान को*
*आँच नहीं आने दी जिसने*
*भारत माँ की शान को।।*
*वैभव रोक न पाया जिसको*
*सत्ता से टकराई थी*
*मनुज नहीं थी लक्ष्मीबाई*
*देवी बनकर आई थी*
*आजादी की बलि वेदी के*
*याद करो उस गान को*
*आँच नहीं आने दी जिसने*
*भारत माँ की शान को ।।* ■

# रक्तदान-महादान, भारत विकास परिषद का एक सफल अभियान






शाखा द्वारा शिविर में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया

**भवानी मंडी, राजस्थान दक्षिण पूर्व :** शाखा द्वारा 89वां निःशुल्क आइओएल नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 231 मरीजों की जांच की गई जिनमें से 40 मरीजों को मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के लिए विदिशा भेजा गया। कार्यक्रम में डॉ. जे.के. अरोड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा, के.के.राठी, जगदीश वरन्दानी, प्रमोद जैन, स्वप्निल जैन, कैलाशचंद्र गोयल, राजेन्द्र गोयल, धर्मचंद गोटावाल आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम में पिछले दिनों में नेत्रदान करने वाले डिम्पल वरन्दानी, स्वप्निल जैन एवं प्रदीप शर्मा के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भवानी मंडी निवासी सुखमाल जैन और सीमा जैन ने देहदान का संकल्प लिया। संकल्पकर्ता दम्पति का डॉ. जे.के. अरोड़ा एवं कैलाश बोहरा के द्वारा अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा ने कहा कि भवानीमंडी में नेत्रदान की प्रगति अत्यन्त प्रशंसनीय है।

**विवेकानन्द फर्रुखाबाद, ब्रह्मावर्त :** शहीद दिवस के 90 साल पूरे होने पर शाखा ने ब्लैक कमांडो फाउण्डेशन एवं गायत्री परिवार के साथ मिल एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 42 सदस्यों व महिलाओं द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर प्रान्तीय वित्त सचिव कन्हैयालाल व प्रान्तीय संयुक्त महासचिव डॉ. आर.के. गुप्ता ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु




शाखा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शाखा सदस्यों सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**गुना :** शाखा द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की 90वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत श्री सियाराम जी महाराज व संतोष दास जी एवं विशिष्ट अतिथि सिविल

के जीवन के बारे में जानकारी दी। शाखा अध्यक्ष बृजेश गंगवार ने सभी का धन्यवाद किया। शिविर में सचिव प्रफुल्ल अग्रवाल, सुमन कनौजिया, शिखा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, अमित राठौर आदि सदस्यों ने रक्तदान किया।

**रामकृष्ण कानपुर :** शाखा द्वारा स्थानीय जय भगवान गेस्ट हाउस नवीन नगर काकादेव में कानपुर मेडिकल कॉलेज चिकित्सकों की टीम की देखरेख में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 23 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। शाख द्वारा सभी रक्तदाताओं




मणिपुर प्रांत ने 'अनीमिया मुक्त भारत' का आयोजन किया गया




शाखा द्वारा शिविर में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया

संर्जन डॉ. हर्षवर्धन जैन व डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। शिविर में सदस्यों व नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया इस अवसर पर शाखा दायित्वधारियों सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**Manipur :** Prant organised "Anaemia Mukt Bharat" a one day free haemoglobin test and health awareness program at Uripok Khoisnam Leikai, Imphal West District. HB screening test for the

participating girls and ladies were done during the programme. Dr. S. Rajendra Singh, National Vice President, Dr. N. Muhindro Singh, Regional Secretary (Sampark), Bimol Thapa were present. Dr. Precilla Thounaojam, Dr. Rita Madhuri and Joybi Sinam were the resource persons during the health awareness programme. Sanitary pads sponsored by M/s Eastern Motors, Imphal were distributed to adolescent girls.

**Birjhora, Assam :** In the last camp blood test for anemia was done for the students of Birjhora Girls' High School at Bongaigaon town, out of all tests 22 girls were detected anemic who were provided medicines for one month. Medicines distributed to these students for another two months. Necessary advice was given to the students about hygiene and nutrition. Further checkup will be done after two months. A free Medical Camp in association with IOCL-BGR was conducted at Branch Office for needy general public. Total 65 beneficiaries were treated and provided medicine free of cost.

Dr. AK Chakraborty, formerly Joint Director of Health Services and presently member of Birjhora Branch treated the patients. Members of branch including President, Secretary assisted in conducting the camp.



मध्य गुवाहाटी शाखा ने सदस्यों की उपस्थिति में ट्राइसाइकिल दिया



स्कूल की छात्रओं के लिए एनीमिया के लिए शिविर में रक्त परीक्षण किया गया

**Kokrajhar :** Branch organized a free Homeopathy Medical Camp at Batabari Seva Shamam L.P. School, District Kokrajhar. A total of 65 patients were medicated with free medicine for various ailments by Dr. Amal Chandra Roy. Dr. Arvind Kumar Goyal, Sunil Barman provided their helping hands.

**Madhya Guwahati :** Branch donated tricycle to the physically handicapped person named Manoj Jha in presence of members.

**चैरिटेबल ट्रस्ट लुधियाना, पंजाब पश्चिम :** ट्रस्ट द्वारा 7 निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविरों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत 567 दिव्यांगों में 580 कृत्रिम अंग, कैलिपर, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर तथा हेयरिंग ऐड बांटे गए। परिषद् चैरिटेबल ट्रस्ट एवं महावीर प्रसाद डालमिया जन सेवा ट्रस्ट ने पहली बार इस तरह का शिविर लगाया जिसमें 190 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, कैलिपर, ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर तथा हेयरिंग ऐड निःशुल्क बांटे गये। सभी लाभान्वितों ने इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद किया।

**विवेक अम्बाला, हरियाणा उत्तर :** शाखा द्वारा स्थानीय शिव मंदिर मतिदास नगर में मेडिकल स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। परिषद् द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर महिला माह मनाया जा रहा है जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में वजन, बी.पी. शुगर, हीमोग्लोबिन, दांतो की जांच की गई। शिविर से 92 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। डॉ. सिमरन ने सभी मरीजों में पाई गई कमियों के रोकथाम व उपचार के बारे में बताया। रीजनल महिला सचिव सुनीता वर्मा, मीनू कक्कड़, साधना जुल्का ने हीमोग्लोबिन कम पाये जाने के संबंध में उपचार के लिए जानकारी दी।

**नीमा नगर शाखा अम्बाला, हरियाणा उत्तर :** संवेदना नाम के इस कार्यक्रम शीर्षक के तले शाखा, ब्रह्माकुमारीज, लायन क्लब ने मिलकर शहीदी दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन अम्बाला क्लब मॉडल टाउन में किया गया। भारी बारिश के बावजूद भी शिविर में 112 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष गुरमैल सिंह, सचिव डॉ. ऋषिपाल, तिलक अरोड़ा एवं लायन क्लब के प्रधान मोहन गोयल ने विधायक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। सभी रक्तदानियों को सर्टिफिकेट, रिफ्रेशमेंट, केलिन्डर इत्यादि सम्मान पूर्वक दिये गये। कार्यक्रम अध्यक्ष व अन्य द्वारा अपना आशीर्वाद दिया।

**मानक सिद्ध देहरादून, उत्तराखण्ड पश्चिम :** शाखा द्वारा महिला एवं बाल विकास प्रकल्प में महिला माह के अन्तर्गत एनीमिया मुक्त भारत अभियान में हीमोग्लोबिन जांच की गई जिसमें 27 महिलाओं की हीमोग्लोबिन की जांच तथा 31 महिलाओं को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान के लिए ''स्वयं सिद्धा नारी गौरव'' सम्मान से सम्मानित किया गया। असहाय महिलाओं को कंबल भी दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री सविता कपूर उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि डॉ. सैनी, डॉ. शिखा गुप्ता रहे।

**ग्रेटर देहरादून :** शाखा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ''एक प्रयास-एनीमिया मुक्त



ग्रेटर देहरादून शाखा द्वारा निःशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया

भारत'' अभियान एवं राष्ट्रीय महिला माह ''अरुणिमा'' के अन्तर्गत श्री दीनदयाल उपाध्याय मिलन केन्द्र, शास्त्री नगर में निःशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए शाखा अध्यक्ष पं. सुभाष चन्द्र शतपथी ने रीजनल सचिव महिला एवं बाल विकास सविता कपूर, डॉ. सुषमा दत्ता एवं उनके साथ आये नर्सिंग स्टाफ, पार्षद अर्चना पुन्डीर व अन्य महिलाओं का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। शिविर में लगभग 50 महिलाओं के हीमोग्लोबिन जांच हेतु खून के सेम्पल लिए गए एवं सबको आयरन एवं कैल्शियम के कैप्सूल एवं बच्चों के लिए कीड़े की दवा भी दी गई। शिविर के सफल आयोजन में संयोजिका तनुश्री गुप्ता एवं अन्य महिला सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

**मुजफ्फरनगर सम्राट, हस्तिनापुर :** शाखा द्वारा उमेश मनीशरी स्टोर, कोर्ट रोड पर, क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष सुनील गर्ग व कार्यक्रम चेयरमैन के.के. बंसल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। शाखा द्वारा क्षय रोग से पीड़ित 6 बच्चों को गोद लिया गया है। इन बच्चों के स्वस्थ होने तक शाखा द्वारा प्रत्येक माह इनको खाद्य सामग्री वितरित की जाएगी। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में प्रदेश की राज्यपाल माननीय आनंदी बेन पटेल द्वारा घोषित क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को शाखा द्वारा गोद लेने पर शाखा की प्रशंसा की एवं आशा व्यक्त किया कि आगे भी इसी प्रकार के सामाजिक कार्य करती रहेगी।



शाखा द्वारा क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को खाद्य सामग्री वितरण किया गया

**छीपाबड़ौद :** शिविर प्रभारी नरेन्द्र बाटला एवं सचिव गोविन्द गोठानिया ने बताया कि शिविर में डॉ. पटेल एवं सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर की विशिष्ट चिकित्सकों की टीम द्वारा 352 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाईयाँ वितरित की गई एवं 147 मोतियाबिन्द ऑपरेशन योग्य पाए गए मरीजों को चिन्हित कर सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। सभी मरीजों को भोजन के पैकेट वितरित किये गये।

**माधव कोटा :** भारत विकास परिषद् चिकित्सालय कोटा द्वारा कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा, चिकित्सालय अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र सिंह, रक्त मित्र टीम के सचिव सुधीर सक्सेना एवं वरिष्ठ चिकित्सक व शाखाओं के सदस्य उपस्थित रहे। आजाद कोटा शाखा अध्यक्ष संजय मंगल को वैक्सीन लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। बाद में एक-एक करके शाखा के 11 सदस्यों को वैक्सीन लगाई गई। राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने सभी लोगों से वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया। चिकित्सालय के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने 45 वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति जो किसी बीमारी से ग्रसित हो, अपने आधार कार्ड व डॉ. के पर्चे के साथ भारत विकास परिषद् चिकित्सालय प्रताप नगर कोटा पर आकर रुपये 250/- शुल्क देकर वैक्सीन लगवा सकता है।

**बारां :** शाखा एवं डी.डी. नेत्र संस्थान द्वारा 52वां निःशुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर का आयोजन खण्डेलवाल धर्मशाला अस्पताल में किया गया। यह आयोजन स्व. किशन मीणा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र रघुनाथ मीणा, रामस्वरूप मीणा, विनोद मीणा परिवार के सहयोग किया गया। शाखा अध्यक्ष पराग टोंग्या एवं सचिव डॉ. वीरेन्द्र माथोडीया ने बताया कि शिविर में कोटा की डॉ. अमनदीप, अंतरिक्ष मोहता एवं टीम द्वारा 264 मरीजों की जांच की गई एवं परामर्श दिया गया जिसमें से 101 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयन किया गया एवं निःशुल्क दवाईयाँ दी गई। रमाकांत द्वारा संचालित कार्यक्रम में शिविर प्रभारी हितेश बत्रा, शिविर




**इंफाल, मणिपुर :**
**प्रान्त की महिला शाखा इंफाल ने एक ऐसी महिला का सम्मान किया जिन्होंने तब अपना बिजनेस संभाला जब औरतों को घर से बाहर भी जाने नहीं दिये जाते थे। जब औरतें पर्दा में रहती थी। पिछले 40 साल से ये अपना घर परिवार और बिजनेस संभाल रही है।**

सहयोगी पवन मित्तल, जिला प्रभारी महावीर माहेश्वरी, विनोद जैन, अमित विजय, ओम खत्री व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**जयपुर महानगर, राजस्थान पूर्व :** शाखा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 19 महिलाओं का निःशुल्क कैंसर जांच शिविर भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के सौजन्य से किया गया। महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए यह शाखा का नवीन कार्यक्रम है जिसे मातृ शक्ति का पूरा सहयोग मिला। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह इसी प्रकार चलेगा।

**भरतपुर मुख्य :** शाखा अध्यक्ष विनोद मंगल ने बताया कि महिला शक्ति सप्ताह के अन्तर्गत महिलाओं में हीमोग्लोबिन स्तर की निःशुल्क जांच हेतु शिविर विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में आयोजित किया गया। शिविर में 61 महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच एकम लैब के टैक्नीशियन नरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। शिविर का संयोजन महिला प्रमुख आशा अग्रवाल द्वारा किया गया जिसमें डॉ. रश्मि गुप्ता, सीमा मंगल, डॉ. मिथलेश अग्रवाल, माया कोठारी, अंजना बंसल, ऊषा मित्तल, गायत्री अग्रवाल आदि सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

**तात्याटोपे शिवपुरी, मध्य भारत उत्तर :** शाखा द्वारा जिला चिकित्सालय के रक्तकोष में रक्त की पूर्ति हेतु स्थानीय प्यूपल मल्टीसिटी हॉस्पिटल परिसर में प्रान्तीय प्रकल्प प्रभारी

**शाखा द्वारा जिला चिकित्सालय के रक्तकोष में रक्त की पूर्ति हेतु स्थानीय प्यूपल मल्टीसिटी हॉस्पिटल परिसर में प्रान्तीय प्रकल्प प्रभारी हरिओम अग्रवाल के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 यूनिट रक्तदान किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस आयोजन में शाखा दायित्वधारियों सहित सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।**

हरिओम अग्रवाल के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 यूनिट रक्तदान किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस आयोजन में शाखा दायित्वधारियों सहित सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

**शामगढ़, मध्य भारत पश्चिम :** शाखा एवं मॉर्निंग ग्रुप शामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर मक्सी द्वारा शासकीय हॉस्पिटल में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 205 लाभार्थियों को मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु चयनित करके मक्सी ले जाया गया जहाँ ऑपरेशन, दवाईयाँ, चश्मे आदि निःशुल्क दिये गये। आँखों की जांच मक्सी से पधारे डॉ. विजय पटेल एवं दृष्टि दोष विशेषज्ञ ओमेश गहलोत ने की।

**Kurnool, A.P. :** The branch is conducting "vikalang Sahayata Karyakram" since 6 years. Branch conducted screening camp at "Kesava memorial School, Kurnool". Almost 140 members enrolled their names. Attended 120 members and selected 88 members for artificial limbs. For this programme, continuously from 3years "Polimera Charitable Trust" is the main suporter, providing major share of expenditure. For this programme YARI9, the friends group sponsored the tiffin and meals for all 300 members. For this programme Ekka Chandra Sekhar ji, Sewa Pramukh, RSS has attended as chief guest. Prant President Bala Chandrudu, Prant GVCA convenor Bala Subramanyam were also attended along with nearly 40 members of our branch.

**The branch is conducting "vikalang Sahayata Karyakram" since 6 years. Branch conducted screening camp at "Kesava memorial School, Kurnool". Almost 140 members enrolled their names. Attended 120 members and selected 88 members for artificial limbs.**

**Mudhol, Karnataka North :** The branch conducted a blood donation camp at Bridavan School in APMC Premises, 40 members donated blood. In concluding function it was announced by Branch President that very shortly a Blood bank is going to be inaugurated in Association with Rashtrothan blood bank.

**Belgavi :** Branch celebrated Mahila din in a unique way. All the members gathered in Veer Savarkar Udyan. A sampoorna Vande Mataram was sung in corus by all the members together, followed by song of Veer Savarkar and a Kannada song. Smt and Shri Sanjayji Raikar, a Savarkar devotee and who was instrumental in developing Savarkar Udyan were felicitated. Sangeetaji Kulkarni and international singer and Vinayakji More, Akshataji More, Kum Swara More presented patriotic songs.

**Sindhnoor :** Inauguration of new Shakha of BVP at Sindhnoor in Raichur District with Dayitwa Grahan Ceremony of founder team of office bearers was taken place. Prant President, Secretary, Treasurer , National Secretary and Regional Secretary were the Chief Guests on the occasion. It was a grand celebration.


**Hubballi :** Artificial limb for Vikalang at BVP Siddharodha Branch Hubballi in association with M/s Majethea Foundation made a record of handling 207 beneficiaries. Total legs recommend 125, total callipers 24, Total cosmetic hands 26, total working hands 6 and Glouses 4, Cancelled cases due to various reasons were 22. Prant President, Secretary, National Secretary also witnessed the event. ■



# अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया का सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन बिना कोई पंचांग देखे कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह-प्रवेश, वस्त्र-आभूषणों की खरीददारी या घर, भूखंड, वाहन आदि की खरीददारी से संबंधित कार्य किए जा सकते हैं। नवीन वस्त्र, आभूषण आदि धारण करने और नई संस्था, समाज आदि की स्थापना या उद्घाटन का कार्य श्रेष्ठ माना जाता है। पुराणों में लिखा है कि इस दिन पितरों को किया गया तर्पण तथा पिन्डदान अथवा किसी और प्रकार का दान, अक्षय फल प्रदान करता है। इस दिन गंगा स्नान करने से तथा भगवत पूजन से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। यहाँ तक कि इस दिन किया गया जप, तप, हवन, स्वाध्याय और दान भी अक्षय हो जाता है। यह भी माना जाता है कि आज के दिन मनुष्य अपने या स्वजनों द्वारा किए गए जाने-अनजाने अपराधों की सच्चे मन से ईश्वर से क्षमा प्रार्थना करे तो भगवान उसके अपराधों को क्षमा कर देते हैं और उसे सदगुण प्रदान करते हैं, अतः आज के दिन अपने दुर्गुणों को भगवान के चरणों में सदा के लिए अर्पित कर उनसे सदगुणों का वरदान माँगने की परंपरा भी है।

अक्षय तृतीया के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर समुद्र या गंगा स्नान करने के बाद भगवान विष्णु की शांत चित्त होकर विधि विधान से पूजा करने का प्रावधान है। नैवेद्य में जौ या गेहूँ का सत्तू, ककड़ी और चने की दाल अर्पित किया जाता है। तत्पश्चात फल, फूल, बरतन, तथा वस्त्र आदि दान करके ब्राह्मणों को दक्षिणा दी जाती है। ब्राह्मण को भोजन करवाना कल्याणकारी समझा जाता है। मान्यता है कि इस दिन सत्तू अवश्य खाना चाहिए तथा नए वस्त्र और आभूषण पहनने चाहिए। गौ, भूमि, स्वर्ण पात्र इत्यादि का दान भी इस दिन किया जाता है। यह तिथि वसंत ऋतु के अंत और ग्रीष्म ऋतु का प्रारंभ का दिन भी है इसलिए अक्षय तृतीया के दिन जल से भरे घडे, कुल्हड, सकोरे, पंखे, खडाऊँ, छाता, चावल, नमक, घी, खरबूजा, ककड़ी, चीनी, साग, इमली, सत्तू आदि गरमी में लाभकारी वस्तुओं का दान पुण्यकारी माना गया है। इस दान के पीछे यह लोक विश्वास है कि इस दिन जिन-जिन वस्तुओं का दान किया जाएगा, वे समस्त वस्तुएँ स्वर्ग या अगले जन्म में प्राप्त होगी। इस दिन लक्ष्मी नारायण की पूजा सफेद कमल अथवा सफेद गुलाब या पीले गुलाब से करना चाहिये। ■



# वीर सावरकर

**वीर सावरकर इस इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है। उन्होंने यूरोप में भारतीय क्रांतिकारी आन्दोलन का प्रसार किया। उन्होंने एक पुस्तक ''स्वाधीनता का प्रथम संग्राम 1857'' लिखी।**

स्वाधीनता संग्राम हमारे इतिहास का गौरवशाली अध्याय है। वीर सावरकर इस इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है। उन्होंने यूरोप में भारतीय क्रांतिकारी आन्दोलन का प्रसार किया। उन्होंने एक पुस्तक ''स्वाधीनता का प्रथम संग्राम 1857'' लिखी। किताब पर प्रतिबन्ध लगा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बिना वकील के, वे अंग्रेजी अदालत में हार गये। उन्हें दो बार आजीवन कारावास मिला। 1911 में पोर्ट ब्लेयर की सेल्युलर जेल में अमानवीय अत्याचार हुए। उन्हें पानी की जगह पेशाब पिलाया गया। वे प्रखर राष्ट्रवादी, महान् क्रान्तिकारी, कवि, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता व इतिहासकार थे। उनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था। उनका जन्म नासिक के पास भगुर में 28 मई 1883 को हुआ। जब वे 9 साल के थे, तभी पहले माँ का फिर पिता का भी देहान्त हो गया था। सावरकर बचपन से ही बागी प्रवृत्ति के थे। 11 वर्ष की आयु में उन्होंने 'वानर सेना' बनाई। हाई स्कूल में अपने गुरु बाल गंगाधर तिलक द्वारा प्रारंभ किये गये शिवाजी उत्सव और गणेश उत्सव का आयोजन करते थे। 1901 में उनका विवाह यमुनाबाई से हुआ। पुणे में सावरकर ने ''अभिनव भारत'' का गठन किया। और यहीं वो स्वेदेशी आन्दोलनों से जुड़े। बाद में गंगाधर तिलक के साथ स्वराज दल में शामिल हो गए। उनके देशभक्ति से ओजस्वी भाषण और ब्रिटिश हुकूमत विरोधी गतिविधियों के कारण अंग्रेजी सरकार ने उनकी स्नातक की डिग्री छीन ली। उन्होंने लन्दन में वकालत की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने भारतीय छात्र जो इंग्लैड में रह रहे उनको भारत में हो रहे ब्रिटिश शासन के खिलाफ इकट्ठा कर 'आजाद भारत सोसाइटी का गठन किया और हथियारों के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया। जब उन्हें गिरफ्तार कर समुद्री मार्ग से जहाज द्वारा लंदन भेजा जा रहा था, तब

**वीर सावरकर प्रखर राष्ट्रवादी, महान क्रान्तिकारी, कवि, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता व इतिहासकार थे। उनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था। उनका जन्म नासिक के पास भगुर में 28 मई, 1883 को हुआ।**

- **अकेले स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्हें दो जन्मों का कारावास मिला।**
- **1857 'स्वतंत्रता का प्रथम संग्राम' पुस्तक को दो देशों ने प्रतिबंधित कर दिया।**
- **प्रथम भारतीय राजनीतिज्ञ जिन्होंने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।**
- **प्रथम भारतीय विद्यार्थी थे जिन्हें इग्लैण्ड के राजा के प्रति वफादारी की शपथ न लेने के कारण वकालत करने से रोक दिया गया।**
- **तिरंगे में धर्मचक्र लगाने का सुझाव दिया था जिसे माना गया।**
- **राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का चिन्तन किया। बंदी जीवन के बाद अस्प्रश्यता तथा सामाजिक सद्भाव के लिए आन्दोलन किया।**
- **अंडमान जेल की दीवारों पर कील और कोयले से कविताएँ लिखी, याद किया और 10000 पंक्तियों को जेल से छूटने पर पुनः लिखा।**

शौचालय की खिड़की तोड़कर समुद्र में कूद गये। सागर की लहरों को चीरते हुए, वे तैरकर फ्रांस के किनारे पर पहुँचे गये, जहाँ फ्रांस पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उन्हें इंग्लैड को सौंप दिया। जहाज फ्रांस ही पहुँचा था कि वे फिर भाग निकले, परन्तु फ्रांसिसी पुलिस ने फिर गिरफ्तार कर लिया। 24 दिसम्बर 1910 को अण्डमान में कालापानी की सजा सुनाई गई। जेल में ही उन्होंने पुस्तकालय की स्थापना की। विठ्ठल भाई पटेल, गाँधीजी व तिलक जैसे नेताओं की मांग पर 2 मई 1921 को उन्हें भारत वापस भेज दिया गया। वे रत्नागिरी जेल में बंद किये गये। उन्हें 6 जनवरी, 1924 को जेल से रिहा कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने प्राचीन संस्कृति को बनाए रखने व सामाजिक कल्याण के काम किये। 1937 में अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के अध्यक्ष चुने गए। इसके बाद भारत छोड़ो आन्दोलन का हिस्सा भी बने। सावरकर ने पाकिस्तान निर्माण का विरोध किया। उसी दौरान नाथूराम गोडसे ने गाँधीजी की हत्या कर दी जिसमें सावरकर का भी नाम आया। सावरकर को एक बार फिर जेल जाना पड़ा, परन्तु साक्ष्यों के अभाव में उन्हें रिहा कर दिया गया। तिरंगे में धर्म चक्र लगाने का सुझाव सर्वप्रथम उन्होंने ही दिया था। 26 फरवरी, 1966 को मुम्बई में वे चिरनिद्रा में लीन हो गये। ■

## श्रद्धांजलि

1. **काशी प्रदेश : पूर्व क्षेत्रीय संयोजक सेवा कार्य प्रेमदास अग्रवाल का निधन हो गया।**
2. **गया, मगध बिहार : पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष, संरक्षक व विकास रत्न प्रो. (डॉ.) विश्वनाथ प्रसाद वर्मा का 1 फरवरी, 2021 को 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया।**
3. **संबलपुर, ओडिशा पश्चिम : प्रान्तीय महासचिव श्याम सुन्दर शर्मा की पूजनीय माता रूक्मणी देवा का 23 मार्च 2021 को निधन हो गया।**
4. **गुजरांवाला टाउन, दिल्ली मध्य : पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष सुरेश बंसल का 9 अप्रैल 2021 को आकस्मिक निधन हो गया।**
5. **Gandhi Nagar, J&K : Senior member of branch Kamal Kishore Gupta who passed away on January 19th, 2021.**
6. **Ferozpur City, Punjab South : Senior member of branch Laxman Singh Shikhawat, and known figure for his social services towards society left for his Heavenly abode at the age of 73 years.**



**भारत विकास परिषद् के सम्मानीय सदस्य एवं वर्तमान में राष्ट्रीय प्रकल्प वाइस चेयरमैन समग्र ग्राम, श्याम बिहारी शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। सौम्य, सरल, मिलनासर, निर्भिक व संगठन को समर्पित व्यक्तित्व श्याम बिहारी जी पिछले कई वर्षों से परिषद् से जुड़कर समाज सेवा करते रहे। उनके दुःखद निधन से हम सभी को बहुत गहरा दुःख हुआ। यह एक अपूर्णीय क्षति है। परिषद् उनके द्वारा किये गये कार्यों को हमेशा याद रखेगा।**

*पता : हावत पुरा रोड, गाँधी नगर, भिण्ड-477001 (म.प्र.) मो. 9826211689*



# भारत विकास परिषद का सराहनीय कार्य

**वाराणसी, काशी प्रदेश :** प्रान्त की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर छावनी क्षेत्र स्थित होटल में वासंतिक कौमुदी उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महिला कलाकारों ने प्रेम, कला और कौशल के प्रतीक कौमुदी पर्व को मोहक अंदाज में मनाया। नृत्य नाटिका मंचन में कलाकारों ने श्रृंगार रस के विभिन्न आयामों के माध्यम से प्रेम के महत्व को अत्यन्त नि पुणता से प्रस्तुत करते हुए फूलों की होली खेली। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वाइस चेयरपर्सन गीता पटनायक ने महिला समागम की सार्थकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ. ज्योति सिन्हा रहीं। प्रो. कविता शाह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में युगों से महिलाओं का विशेष योगदान रहा है। वर्तमान में नारी को पुनः सम्मान देने की आवश्यकता है। डॉ. शिप्राधर ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। सदस्यों ने एनीमिया मुक्ति विषय पर ज्वैलरी व रंगोली प्रतियोगिता, सेल्फी प्वाइंट डेकोरेशन का आयोजन किया गया। संचालन अशोक अग्रवाल व धन्यवाद शशि श्रीवास्तव ने दिया। इस अवसर पर अवनीश अग्रवाल, मुकुल शाह, ब्रह्मानन्द पेशवानी आदि उपस्थित रहे।

**स्वर्णिम :** शाखा द्वारा गोद लिए विद्यालय सुगानू प्राथमिक विद्यालय रामनगर में अध्यक्ष ऋचा मेहरा द्वारा विद्यालय को 3 सिलिंग फैन प्रदान किये गये। एक समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश मिश्रा द्वारा विद्यालय प्रधानाचार्य को जनपद में 'प्रेरक विद्यालय' बनाने हेतु एवं एक छात्र को प्रेरक विद्यार्थी हेतु प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**मानसरोवर लखनऊ, अवध प्रदेश :** शाखा द्वारा मलिन बस्ती के बच्चों के लिए औरंगाबाद रेलवे क्रॉसिंग लखनऊ में नव सृजन द्वारा प्रारंभ किये अन औपचारिक शिक्षा केन्द्र एवं उसमें शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए पुस्तकें, स्लेट्स, चाक, ब्लैक बोर्ड, डस्टर, कॉपियाँ पेंसिल, ताले, लोहे की चैन, स्केल, सेनीटाइजर्स, फेवीकॉल, स्टिक, गमट्यूब, सेलोटेप, ए.बी.सी.डी. स्टीकर्स, पेन, मोमबत्ती इत्यादि प्रादान किये गये।

**सीतापुर :** शाखा द्वारा स्थानीय एप्पल होटल में कवि संध्या सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रान्तीय व राष्ट्रीय स्तर के कवियों द्वारा काव्यपाठ किया गया। इस अवसर पर शाखा के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। पन्द्रह दिवसीय मिश्रिख व नैमिपारणय की चौरासी कोस की परिक्रमा में शाखा सदस्यों द्वारा भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों को निःशुल्क भोजन कराया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन





शाखा द्वारा ''राष्ट्रीय महिला माह'' का आयोजन किया गया

में शाखा संरक्षक ओम प्रकाश गुप्त, हरीश शाह चरन जीत सिंह व नव निर्वाचित टीम का सराहनीय सहयोग रहा।

**धनबाद मुख्य, झारखण्ड :** शाखा द्वारा ''घृर्णी जोडिया आँगनबाड़ी'' मतकुरिया में इनर व्हील क्लब, के साथ मिलकर ''राष्ट्रीय महिला माह'' का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष संजय मोर द्वारा इनर व्हील के सदस्यगणों, महिलाओं एवं बच्चियों का स्वागत किया गया एवं परिषद् के पाँच मूल मंत्रों के अन्तर्गत किये जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास प्रकल्प की रीजनल सचिव अरुणा भगानिया ने आयोजन के उद्देश्यों एवं विषय पर अपना विचार रखा एवं सभी को स्वस्थ जीवन जीने को प्रेरित किया। इनर व्हील की अध्यक्षा तृप्ति जैन ने उपस्थित जन समूह को संबोधित किया एवं एक दूसरे की सहायता करते हुए स्वस्थ रहने की जागरूकता पर अपने विचार रखे। पीएमसीएच धनबाद की एचओडी गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. प्रतिभा राय ने सभी को ऐनीमिया से संबंधित एवं इससे बचाव की जानकारियाँ विस्तार से दी। कार्यक्रम में उपस्थित 100 से अधिक महिलाओं के बीच गुड़, चना एवं बच्चियों को सैनिटरी नैपकिन तथा बिस्कुट, मास्क, सेनेटाइजर व दवाइयाँ दी गई। सभी का हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड जांच किया गया। आयोजन की सफलता में सोनू जैन, चित्रा सिंघानिया, संजय जैन व अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

**बोकारो स्टील सिटी दक्षिण :** शाखा के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पी. मुरूगन, पुलिस अधीक्षक, बोकारो रहे। कार्यक्रम में शाखा सदस्यों एवं आसपास के गणमान्य व्यक्तियों सहित एलन दीक्षित, अनिल कुमार गुप्ता, अनुपम गर्ग, विशाल बंसल, रमन सिन्हा, शाखा अध्यक्ष प्रेम कुमार, सचिव राजकुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह, बोकारो पुलिस के ऑफिसर व जवान उपस्थित रहे।

**देवघर :** शाखा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिन्दी विद्यापीठ के कुलपति पंडित मोहनानंद मिश्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा आज



**श्रीमती शीला देवी, श्री राम गोपाल मलेरकोटला (पंजाब) से विकास रत्न बनें**

महिलाएँ समाज निर्माण की वास्तविक शिल्पकार हैं। उपस्थित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने तथा आत्मसम्मान हासिल करने के लिए प्रेरणा दिया। इस अवसर पर आठ विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने संघर्ष का रास्ता तय कर एक मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम में डॉ. के. पल्लवी ने महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। संगीता सुल्तानियां, सरला झुनझुनवाल, विनीता मिश्रा तथा सुमन सिंह ने भी महिलाओं के स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता तथा सशक्तिरण पर प्रकाश डाला। संचालन उपाध्यक्ष दंत चिकित्सक डॉ. नीतू ने किया व धन्यवाद सचिव अभय कुमार ने किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में सदस्यों एवं गणमान्य लोगों की सहभागिता रही।

**गायत्री गया, मगध बिहार :** शाखा द्वारा महिलाओं के अधिकार पर एक गोष्ठी का आयोजन प्रो. शान्ति सिंह की अध्यक्षता में चाणक्यपुरी कॉलोनी स्थित मदर प्राइड स्कूल के सभागार में किया गया। इस अवसर पर महिला अधिवक्ता सुमन सिंह ने परिवार में बुजुर्ग माता-पिता, सास-ससुर की देखरेख, भरण पोषण एवं महिला अधिवक्ता इन्दु सहाय ने परिवार में महिलाओं की कानूनी अधिकार की जानकारी विस्तार से दी। अतिथियों का स्वागत कुसुम कुमारी एवं संचालन शिखा सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन इन्दु प्रभा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गीता दीदी, डॉ. रविन्द्र कुमार, प्रान्तीय अध्यक्ष देवकुमार शर्मा, महासचिव अमृतेश कुमार, उमेश सिंह व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



**शाखा द्वारा परिवार में महिलाओं की कानूनी अधिकार की जानकारी दी गई**

**Chandrasekharpur, Bhubaneswar, Odisha East :** Branch ditributed Grocery materials etc were provided to the inmates of Sri Maa Ananda Ashram, Damana on 14 February as a part of Seva Karya. EC and GB meetings of the branch were held via google meet on 12 and 16 February respectively with S.N. Nayak, branch President in the chair.

**Firozpur City, Punjab South :** Branch organised "Parivar Millan" of its members in which Rakesh Sachdeva, National Vice Chairman, BKJ, was Chief Guest and Sunil Jain, Regional Secretary (Sewa), Punjab South was Guest-of-honour. All seniors members of age group 80 and all members of Mahilla wing and every member the Parishad were honoured with beautiful gift. Nitya Dhawan who stood 1st in North Region and participated in National Level BKJ competition was honoured with troffy and certificate. A lovely cultural programme presented by students of Rohit Public School and Gurukul Model High School.


**शाखा द्वारा अपने सदस्यों के 'परिवार मिलन' का आयोजन किया गया**

**अमृतसर, पंजाब उत्तर :** शाखा अध्यक्ष नोनीश बहल, सचिव सुमित पुरी की अध्यक्षता में जरूरतमंदों की सहायता हेतु श्री गुरु रामदास कुष्ठ आश्रम चबाल रोड में राशन वितरण आयोजित किया गया। कुष्ठ आश्रम के अध्यक्ष केदारनाथ ने परिषद् की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद् जैसी समाज सेवी संस्था के सहयोग से ही सामाजिक कुरीतियों को दूर करके समाजसेवी कार्य किये जा सकते हैं। इस अवसर पर तिलकराज महाजन, ए.एन. चांबा व परिषद् के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**दिल्ली मध्य :** भारत विकास परिषद् केन्द्रीय कार्यालय में वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से आगामी वर्ष के लिए राकेश शर्मा को अध्यक्ष, आशुतोष गुप्ता को महासचिव एवं राकेश कुमार को वित्त सचिव नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री ने प्रान्त की नवीन टीम को केन्द्रीय कार्यालय द्वारा अनुशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनीत गर्ग ने संगठन को शक्तिशाली बनाने हेतु प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। मुख्य संरक्षक एवं पूर्व महापौर महेश चंद शर्मा ने सेवा व संस्कार प्रकल्पों में और अधिक एवं विशेष कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**वैशाली निवेदिता, पश्चिमी उत्तर प्रदेश :** शाखा ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन 'नारी तुझे सलाम' वीरगति को प्राप्त हुए शहीद परिवार की पत्नियों, माताओं एवं बहनों को समर्पित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद की महापौर आशा शर्मा, निगम पार्षद अपर्णा गोयल, प्रान्तीय अध्यक्ष ममता शर्मा, सुप्रसिद्ध कवित्री सुरभि सप्रु, इन्दु वार्ष्णेय एवं सेतु अग्रवाल उपस्थित रहे। इन्दू वार्ष्णेय ने अपनी स्वरचित कविता के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया वहीं सेतु अग्रवाल ने नारी के अस्तित्व को ही सबसे महत्वपूर्ण बताया। डॉ. सपना बसंल ने भी अपना विचार रखा। शहीद परिवार से सारिका गुलाटी एवं उषा राणा ने कहा कि निवेदिता शाखा ने शहीद परिवार के सदस्यों को याद किया, वरना हमार अस्तित्व तो उस ईंट की तरह है जो भवन निर्माण में नीचे दफन हो जाती है। विकास एवं राजनीति में भागीदारी पर चर्चा की। कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, महिला हिंसा एंव विभिन्न प्रकार के अपराधों से कैसे नारी मजबूत होकर समाज में अपना योगदान दे सकती हैं, पर विचार हुआ।




शाखा के तत्वावधान में गोविन्दपुरी के आर्य समाज मंदिर में पुस्तक बैंक योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ किया गया

**मोदीनगर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश :** शाखा के तत्वावधान में गोविन्दपुरी के आर्य समाज मंदिर में पुस्तक बैंक योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें 6वीं, 7वीं व 8वीं की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों की पुस्तकें जरूरतमंद बच्चों को दी गई। पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर प्रकल्प प्रभारी रेशू गुप्ता, अध्यक्ष राघवेन्द्र गुप्ता, सचिव सुनील दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष रेनू शर्मा व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**मानक सिद्ध देहरादून, उत्तराखण्ड पश्चिम :** शाखा द्वारा रीजनल मंत्री सविता कपूर के मुख्यातिथ्य में होली

मिलन का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों को संरक्षक खेमचंद गुप्ता द्वारा स्वागत एवं होली की शुभकामनाएँ दी गई। सावित्री द्वारा प्रकृति फूलो व सब्जियों के रंगों से तैयार रंग गुलाल सभी को भेंट की गई। शाखा अध्यक्ष ताज बेर सिंह नेगी ने होली का महत्व बताया। बच्चों के लिए बाल संस्कार शाला लगाई गई जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजित की गई।

तत्पश्चात आतिथ्य प्रान्त द्वारा प्रकाशित स्मारिका अपराजिता का विमोचन मुख्य अतिथि सुरेश जैन, कुलाधिपति तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह संधू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा, राष्ट्रीय संयुक्तम महासचिव डॉ. तरुण शर्मा, राजश्री गाँधी, राष्ट्रीय प्रोजेक्ट चेयरपर्सन, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. नितिन दालभ एवं सम्पादक मंडल द्वारा किया गया। डॉ. दिव्या लहरी, महिला एवं बाल विकास, डॉ. वैशाली धींगरा रहीं। परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह संधू ने अपने आशीष वचन में कहा कि हमारा संगठन एक मात्र संगठन है जहाँ पारिवारिक सदस्यता होती है जबकि और किसी संगठन में ऐसा नहीं है। सभा के अन्त में डॉ. नीतिन यादव ने आभार व्यक्त किया।

**देवेन्द्र मणि बकेवर, ब्रह्मावर्त :** शाखा द्वारा स्थानीय माँ भगवती गेस्ट हाउस में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया




**प्रान्त के आतिथ्य में उत्तर मध्य-1 रीजन का रीजनल महिला सम्मेलन स्थानीय तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ**

**देवबंद मेन, हस्तिनापुर :** शाखा के तत्वावधान में पारिकारिक होली मिलन का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए हुए कलाकारों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में रंगों की होली, फूलों की होली, लठमार होली, लड्डू होली आदि का आयोजन किया गया। बच्चों को गेम द्वारा मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा दायित्वधारियों सहित गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**मुरादाबाद, रुहेलखण्ड :** प्रान्त के आतिथ्य में उत्तर मध्य-1 रीजन का रीजनल महिला सम्मेलन स्थानीय तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय प्रकल्प समिति सदस्य ने प्रकल्प के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सत्र के अन्त में मुख्य अतिथि सुरेश जैन ने अपना आशीर्वचन दिया। सत्र का संचालन प्रान्तीय महासचिव पी.के. अग्रवाल तथा डॉ. तरुण शर्मा द्वारा किया गया। दूसरे सत्र रीजन के 6 प्रान्तों की महिला संयोजिकाओं द्वारा वार्षिक रिपोर्ट बढ़ी गई व कोरोना काल में महिलाओं द्वारा किए गए सेवा कार्यो का उल्लेख किया। संस्कृति शाखा मुरादाबाद के बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण लीला का सुन्दर मंचन किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता सविता कपूर और तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय की प्रोफेसर

गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि इटावा के ए.के. सिंह ने परिषद् के रक्तदान कार्यक्रम की सराहना की तथा परिषद् से जुड़े रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में 14 वरिष्ठ सदस्यों एवं युवा रक्तदाताओं को सम्मान व नव निर्वाचित दायित्वधारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। राधेश्याम गुप्ता 'अग्रहरि' रीजनल सचिव ने परिषद् के क्रिया-कलापों पर संतोष व्यक्त करते हुए सुधार करने को इंगित किया। नव निर्वाचित दायित्वधारी राजेन्द्र बाबू त्रिपाठी अध्यक्ष, दिनेश चतुर्वेदी सचिव व मुनीष मिश्रा को वित्त सचिव की शपथ

चुनाव अधिकारी महेशचन्द्र तिवारी द्वारा दिलाई गई। जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश उपाध्याय द्वारा समस्त अतिथियों का परिचय कराया गया।

**समर्पण जसवंतनगर, ब्रह्मावर्त :** शाखा दायित्वधारियों के नेतृत्व में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गर्मियाँ प्रारंभ होने से पहले विद्यार्थियों एवं अध्यापिकाओं हेतु एक ठंडे पानी की मशीन लगाई गई। प्रान्तीय महासचिव मुन्ना लाल वर्मा एवं नगर के प्रतिष्ठित एवं सम्मानित स्वराज्य प्रकाश श्रीवास्तव (प्रान्तीय सदस्य) के पिता सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रीकरन सिंह वर्मा संरक्षक, उमाकान्त श्रीवास्तव, प्रान्तीय सदस्य, प्रदीप चौरसिया, डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. योगेश एलानी, मनोज कुमार जैन व अन्य उपस्थित रहे। शाखा अन्य स्थानों पर भी प्याऊ लगाने जा रही है। स्कूल प्रधानाचार्या प्रज्ञा सिंह वर्मा द्वारा शाखा एवं प्रान्तीय दायित्वधारियों व अन्य मुख्य अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस आयोजन में परिषद् सदस्यों सहित विद्यालय की सभी अध्यापिकाओं और कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

**उरई, बुन्देलखण्ड :** शाखा एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिला टीकाकरण केन्द्र का उद्घाटन एवं कोविड टीकाकरण कार्य में अपना विशेष योगदान देने वाले टीकाकरण कर्मी एवं सहयोगियों का सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. द्विजेन्द्र नाथ प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों डॉ. छवि जायसवाल, कोविड टीकाकरण प्रभारी एवं बाल रोग विशेषज्ञिका, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप, मधुलिका, डॉ. रेनू, शिवाली पाण्डे आदि को सम्मानित किया गया।

**आदर्श नगर जयपुर, राजस्थान पूर्व :** शाखा के सहयोग से प्रान्त स्तरीय अन्तर्महाविद्यालयीय हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जयपुर में किया गया। प्रतियोगिता का विषय था ''नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को नौकरी के बेहतर विकल्प मिलेंगे''। प्रतियोगिता मे 7 शाखाओं से 14 प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष एवं विपक्ष में बहुत ही खूबी से अपने-अपने विचार रखते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रान्तीय महासचिव डॉ. अनिरुद्ध साहनी ने परिषद् का परिचय देते हुए आगंतुकों का स्वागत किया। प्रान्तीय अध्यक्ष हेमंत जोशी ने अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आदर्श शाखा को बधाई एवं आभार व्यक्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. शेफाली जैन, डॉ. ममता जैन और डॉ. शीताभ शर्मा ने निष्पक्ष भूमिका निभाई। निर्णायकों द्वारा विजेता घोषित प्रतिभागियों को क्रमशः रुपये 2100/-, रुपये 1500/ एवं रुपये 1100/- की नगद राशि, स्मृति चिन्ह एवं सर्टीफिकेट भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रान्तीय प्रमुख डॉ. कविता साहनी ने किया।



शाखा द्वारा अन्तर्महाविद्यालयीय हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया

**अलवर, राजस्थान उत्तर पूर्व :** शाखा द्वारा अन्तर्महाविद्यालयीय हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. के.के. गुप्ता द्वारा किया गया। शाखा अध्यक्ष च्यवन भार्गव ने सभी का स्वागत करते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कुमकुम कपूर ने प्रतियोगिता के नियमों से सभी को अवगत कराया। राष्ट्रीय मंत्री अशोक मित्तल ने परिषद् का परिचय दिया। 8 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया जिसमें 16 प्रतियोगियों ने ''नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को नौकरी के बेहतर विकल्प मिलेंगे'' विषय के पक्ष व विपक्ष पर अपने-अपने विचार रखे। निर्णायक मंडल में कपिल भार्गव ने अपने उद्बोधन में वाद-विवाद प्रतियोगिता में अपने विचारों का प्रस्तुतिकरण किस ढ़ंग से किया जाए इस पर सभी को जानकारी दी। रविन्द्र बालयान ने व्यवहारिक शिक्षा को समझने व व्यवहार में लाने के लाभ बताये। मधु अड़वानी ने सकारात्मक सोच व मातृभाषा को अपनाने पर जोर दिया। प्रतियोगिता में आर्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रियंका राजपूत प्रथम, आंचल अरोड़ा, द्वितीय-आर्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, प्राची भारद्वाज तृतीय-बी. एड. कॉलेज, ईशा गुप्ता सांत्वना-एमआरटीआरसी कॉलेज, कमल कुमार यादव सांत्वना-बाल भारती टी.टी. कॉलेज रहे।

**भरतपुर मुख्य, राजस्थान पूर्व :** शाखा का होली मिलन एवं वार्षिक चुनाव स्थानीय अभिनन्दन मैरिज होम में आयोजित किया गया जिसमें कोविड गाइड लाइन का पूर्ण पालन करते हुए शाखा की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा होली नृत्य, राधा कृष्ण झांकी आदि की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम में पूरे वर्ष जिन महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया उन सभी को पुरस्कृत किया गया।

**प्रताप श्रीगंगानगर, राजस्थान उत्तर :** शाखा सचिव बृजमोहन सचदेवा ने अपने वैवाहिक वर्षगाँठ एवं महिला दिवस के उपलक्ष में पर्यावरण संरक्षण अभियान के अन्तर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 12 में गमले एवं पौधे वितरित किये। विद्यालय प्रधानाचार्या रुपिन्द्र कौर तथा स्टाफ ने इस सेवा कार्य की भरपूर सराहना की गई।

**भीलवाड़ा, राजस्थान मध्य :** बहुप्रतीक्षित 'भारत विकास भवन' नेताजी सुभाष भीलवाड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में पुस्तकालय हेतु भवन लोकार्पण हवन-पूजा के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें शाखा दायित्वधारियों द्वारा सपरिवार हवन कार्य पूर्ण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री मुकन सिंह राठौड़, रीजनल संरक्षक शान्तिलाल पानगड़िया, प्रान्तीय अध्यक्ष कैलाश अजमेरा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष पारस बोहरा, संदीप बाल्दी, प्रान्तीय महासचिव व अन्य उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष दिनेश शारदा ने बताया कि पुस्तकालय हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था शाखा द्वारा की जाएगी।

**जालोर, राजस्थान पश्चिम :** शाखा एवं भारतीय शिक्षण मंडल और नीति आयोग भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ''नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन में शिक्षकों की भूमिका'' विषय पर शहर स्थित विवेकानन्द सैकेण्डरी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। पदमाराम चौधरी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को सही शिक्षा



शाखा द्वारा मध्यांचल बैंक के पास स्थाई प्रकल्प के तहत वाटर कूलर स्थापित किया गया

के साथ अच्छे संस्कार देकर उन्हें सुयोग्य नागरिक बनाना भारत विकास परिषद् का मुख्य ध्येय है और आज यह आयोजन हमारे इसी लक्ष्य को परिलक्षित करता है। मुख्य अतिथि जिला केलेक्टर ने बताया कि शिक्षक चाहे तो अपनी क्षमता और शक्तियों का उपयोग कर एक सुन्दर समाज की रचना कर सकता है। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम अध्यक्ष भंडारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि सही शिक्षा वही है जो सम्पूर्ण मानव का सृजन करे। शिक्षाविद् धनराज दवे ने भी सभी को सम्बोधित किया। इस दौरान प्रबुद्ध श्रोताओं के प्रश्नों और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान मुख्य वक्ता द्वारा किया गया।

**जोधपुर मारवाड़ :** शाखा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय भटिण्डा जोधपुर में छात्राओं को एनीमिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीषा यादव ने बताया कि शिक्षक सत्यनारायण व नीरु कुमारी ने एनीमिया के लक्षण, कारण व उससे बचाव करने के तरीके की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। महिला प्रमुख सुधा गर्ग ने प्रधानाध्यापिका का हृदय से आभार व्यक्त किया।

**जबलपुर, महाकौशल :** शाखा के संयोजक दीपेश उपाध्याय की माँ स्व. आशा देवी उपाध्याय की पुण्य स्मृति में प्रान्तीय अध्यक्ष आलोक मिश्रा की उपस्थिति में रेवा व दुर्गावती शाखा के संयुक्त तत्वावधान में गौरी घाट में गरीबों को भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रान्त की ओर से शुभम मिश्रा, केशव शुक्ला, रामकृष्ण चौकसे सहित जबलपुर शाखा से कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र कुलकर्णी, रेवा शाखा अध्यक्ष तनुजा, सचिव आकांक्ष शर्मा, उपाध्यक्ष टी. प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवि पटेल, संस्कार प्रमुख दिनेश उपाध्याय जी एवं अन्य शाखाओं के सम्मानीय सदस्यगण उपस्थित रहे।

**विक्रमादित्य उज्जैन, मध्य भारत पश्चिम :** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शाखा ने सेवा भारती द्वारा संचालित स्थानीय वनवासी कन्या छात्रावास में पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से सेनेटरी पेड डिस्ट्रॉयर मशीन भेंट की। संयोजक प्रेमशीला दिग्गज, श्वेता पाटील एवं हेमलता चौहान ने बजाया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के मण्डल प्रमुख पी.एस.राठौड रहे, अध्यक्षता महिला प्रमुख सरिता पाटीदार ने की तथा विशेष अतिथि माया शर्मा, आशाा पाटीदार एवं सुमन मालवीय रहीं। दिनेश पाटीदार, कमल पाटीदार व रुद्रेश द्वारा 1000 सेनेटरी पेड उपलब्ध कराने के साथ ही वर्ष भर छात्रावास की बहनों को निःशुल्क सेनेटरी पेड देने की घोषणा की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बैंक द्वारा बालिकाओं के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

**तात्याटोपे शिवपुरी, मध्य भारत उत्तर :** ग्रीष्म ऋतु में राहगीरों को शुद्ध व शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए शाखा द्वारा मध्यांचल बैंक के पास स्थाई प्रकल्प के तहत वाटर कूलर स्थापित किया गया। इस अवसर पर प्रान्तीय अध्यक्ष हेमनत मोदी, महासचिव अमित

आज भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा एवम् रोटरी क्लब साउथ सेट्रल दिल्ली के सहयोग से विवेकानंद आरोग्य केन्द्र के चल चिकित्सालय के माध्यम से वृहत कोविड वैक्सीनेशन का शुभारंभ जिला चिकित्सा अधिकारी वीरेन्द्र यादव जी एवम् विवेकानंद आरोग्य केन्द्र के अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी ने किया।



सीएमओ वीरेंद्र यादव ने बताया मोबाइल हॉस्पिटल के माध्यम से स्लम एरिया एवम् निकट के गांवों तक आसानी से टीका करन किया जा सकेगा क्योकि यह वैन सारी सुविधाओ से युक्त हैं। आपने भारत विकास परिषद् द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। भारत विकास परिषद् विवेकानंद आरोग्य केन्द्र के अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी ने कहा कि इस महामारी से निपटने के लिए सरकार का सभी को साथ देना चाहिए जिसके पास जो साधन है उसके माध्यम से या जागरूकता फैला कर जिससे इस महामारी के जंग को आसानी से जीता जा सके। अंत में सिविल सर्जन ने सभी का अभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर वीरेन्द्र यादव डिप्टी सीएमओ एमपी सिंह डॉक्टर अनुज गर्ग भारत विकाश परिषद् से मुकेश सिंघल विवेकानंद तिवारी निशी सिंघल अर्श गुप्ता आदि उपस्थित थे।

जैन, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा व मध्यांचल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज अग्रवाल व शाखा सदस्य उपस्थित रहे।

**गुजरात उत्तर :** प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक डीसा होटल स्पार्कलिंग में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय, रीजनल एवं प्रान्तीय दायित्वधारियों सहित 12 शाखाओं के दायित्वधारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रान्तीय महासचिव द्वारा वार्षिक ब्यौरा प्रस्तुत की गई। प्रान्तीय अध्यक्ष जयेशभाई पटेल, जयभाई वधेर और साथ ही प्रान्तीय महिला समन्वयक मोनालबेन चंदाराना ने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया। अन्त में प्रान्त की नई कार्यकारिणी की घोषणा भरतभाई ठक्कर ने की।

**सौराष्ट्र कच्छ :** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रान्त द्वारा 'विकास ज्योत'' महिला विशेषांक प्रान्तीय ट्रस्टियों सहित प्रान्तीय अध्यक्ष, महासचिव व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में ऑनलाइन प्रकाशित किया गया। इस विशेषांक में प्रान्त की 20 शाखाओं की महिला सदस्यों द्वारा लिखित लेखों का संकलन किया गया। इस विशेषांक के प्रकाशन में प्रत्येक शाखा की बहनों एवं तुषारभाई छत्राल्लाय, दीपनभाई पंडया का सराहनीय सहयोग रहा।

**अंजार, सौराष्ट्र कच्छ :** शाखा ने वीर शहीदों के लिए पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेन्तिभाई नथानी ने भगत सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की समृद्धि और सुरक्षा के लिए हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है, क्योंकि हमारी आजादी के लिए कई शहीदों ने राष्ट्र के लिए बलिदान दिया है। कार्यक्रम में अंजार नगरपालिका की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन लीलावतीबेन प्रजापति का अभिनन्दन किया गया।

**पवई चांदिवली, महाराष्ट्र कोंकन :** शाखा ने महिला एवं बाल विकास के अन्तर्गत महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेतल देसाई (जीवन कौशल एवं कैरियर मार्गदर्शक), अवनी पारेख (फूड थेरापिस्टा), मंजू शर्मा (समाज सेविका) और निवेदिता दास गुप्ता (बिजनेस कोच) जिन्होंने महिलाओं की समाज में भागीदारी पर अपने विचार रखें। साथ ही परिवार के साथ अपना ध्यान कैसे रखें उस विस्तृत चर्चा की। यह कार्यक्रम उन महिलाओं के लिए था जिन्होंने अपने जीवन में बहुत परिश्रम के साथ एक मुकाम पाया है, उनमें गीतांजलि शर्मा और कुसुम खण्डेलवाल को सशक्त महिला के रूप में सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया। कोरोना काल में जिन महिलाओं ने अपना नया रोजगार शुरू किया उनको भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही तारक मेहता का उल्टा चश्मा की दिशा वकानी (दया भाभी) उनके आने से कार्यक्रम में चार चाँद लग गये। इस अवसर पर महिलाओं ने स्वरचित कविता पाठ एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रीजनल सचिव दीप्ति चौधरी उपस्थित रहीं।



**प्रान्त की 18वीं नवीन शाखा सहयोग चिंचोली मलाड का वर्चुअल शुभारंभ किया**

**मुम्बई महाराष्ट्र :** प्रान्त की 18वीं नवीन शाखा सहयोग चिंचोली मलाड का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। कोविड महामारी में भी प्रान्त ने शाखा विस्तार को प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम में शाखा के नये दायित्वधारियों को प्रान्तीय अध्यक्ष श्याम सुन्दर खेतान द्वारा एवं सभी सदस्यों को महासचिव राकेश ओस्तवाल द्वारा शपथ दिलवाई गई। नव निर्मित ''सहयोग चिंचोली'' शाखा के अध्यक्ष दिनेशभाई कोटेचा, सचिव दिनेशभाई गांधी एवं कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल मंगल को पद की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री लक्ष्मीनिवास जाजू द्वारा सदस्यों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन संबंधित दिशानिर्देश दिये गये। राष्ट्रीय वित्त मंत्री सम्पत खुरदिया द्वारा सदस्यों को भारत विकास परिषद् के बारे में जानकारी दी गई। प्रान्तीय अध्यक्ष श्याम सुन्दर खेतान द्वारा स्वागत उद्‌बोधन प्रस्तुत किया गया। प्रान्तीय महासचिव राकेश ओस्तवाल ने प्रान्त की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। संचालन प्रान्तीय संगठन सचिव दिलीप माहेश्वरी द्वारा किया गया। ■




Inauguration of SAMAGRA GRAM VIKAS YOJANA at CHINCHKHANDI VILLAGE near Mudhol on 07-03-2021 by B.F.PATIL Vice President South region . BVP. The work of U.G.D. for entire village with treatment plant was taken up in the project. The project was financed by Jindal foundation and partly by Mudhol branch and villagers. The project completed in 18-19, but delayed Inauguration because of Covid 19 .

Bharat Vikas Parishad has received a Seva Prakalp from Rail Vikas Nigam Ltd. This is a project for Plantation of 1,00,000(One Lakh) trees over 7 years and 3 years for maintenance in South Goa's 8 villages and 3 cities. The Official inauguration was held on 10th March at RVNL Camp at Dabolim. The Chief Guest was Anil Shetgaonkar, Deputy Conservator of Forests, South Goa, awho has sown the first tree of Peepul which was ceremonially planted. BVP Margao, held the programme under Margao Vanamahotsav Samiti, a body created for the purpose along with professionals from the field of forestry. Altogether 9 Saplings were planted on that day at the hands of all dignitaries.The function was attended by Sachin Kumar, for Rail Vikas Nigam Ltd., Yaduchandra Nayak, Pranth President of Bharat Vikas Parishad, Sandeep Azrencar, Bharat Vikas Parishad, Margao, Datta Nayak Karmali, President Bharat Vikas Parishad Margao, and Prashant Kamat, Rui Costa Araujo were present for the programme.




भारत विकास परिषद 'ब्रज प्रान्त' द्वारा भारतीय संस्कृति के प्रेम, उल्लास, और भाई चारे की प्रतीक तथा ब्रज की धरोहर ब्रजोत्सव के रंगारंग कार्यक्रम व प्रान्तीय सम्मान समारोह एवं होली उत्सव का आयोजन वैभव शाखा, अलीगढ़ के आतिथ्य में 'चन्द्रा गार्डन' मथुरा रोड अलीगढ़ पर अत्यंत धूमधाम एवं भव्यता के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री आदरणीय श्याम लाल शर्मा, राष्ट्रीय अतिरिक्त महामंत्री NCR-1 डॉ. तरूण शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री 'वित्त' NCR-1 सी. ए. प्रवीण गर्ग एवं प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट विनय सिंह ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट विनय सिंह द्वारा अपनी ओजस्वी वाणी में स्वागत भाषण अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में कोरेना काल में ब्रज प्रान्त द्वारा आयोजित विभिन्न संस्कारिक प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया एवं क्षेत्रीय अधिवेशन श्उल्लास' के स्वागत समिति सदस्यों को अभिनंदन पत्र भेंट कर ब्रज प्रांत की ओर से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की भव्यता से प्रभावित होकर राष्ट्रीय महामंत्री आदरणीय श्याम लाल शर्मा जी ने वैभव शाखा अलीगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष श्री संजीव वार्ष्णेय 'वैभव' एवं शाखा दायित्वधारियों एवं सदस्यगणों की मुक्त कंठ से भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रांत की ओर से प्रांतीय महासचिव श्री कैलाश चन्द्र वार्ष्णेय एवं शाखा की ओर से मात' शक्ति द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ब्रज प्रांत की मुख्य पत्रिका ब्रज नीति का भी विमोचन किया गया एवं नवीन उदय प्रांत 'ब्रज उत्तर प्रांत' के सत्र 2021-22 की मुख्य कार्यकारिणी के नवीन प्रांतीय दायित्वधारियों की घोषणा भी की गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक भजन संध्या, ब्रज की होली के साथ समस्त उपस्थित परिषद्जनों ने स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीजनल मंत्री विकास रत्न जे. पी. गुप्ता, राष्ट्रीय प्रकल्प समिति सदस्या डॉ. दिव्या लहरी, प्रांतीय वित्त सचिव श्री राहुल गर्ग, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ मनमोहन गोयल, प्रांतीय मार्गदर्शक डॉ. अनिल वार्ष्णेय, जिला चौयरपर्सन श्रीमती रश्मि सिंह, जिला उपचौयरमेन प्रभात वार्ष्णेय 'रजनीश', जिला महिला संयोजिका श्रीमती प्रज्ञा वार्ष्णेय, जिला चौयरमेन फिरोजाबाद श्री हरीश सुनेजा के साथ जिला अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज के प्रांतीय दायित्वधारियों एवं शाखा दायित्वधारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

हम पुनः इस भव्य एवं भावपूर्ण आतिथ्य के लिए वैभव शाखा के दायित्वधारियों एवं उनकी युवा टीम को हृदय से बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनायें प्रेषित करते हैं।

**कैलाश चन्द्र वार्ष्णेय**
प्रान्तीय महासचिव, ब्रजप्रान्त

# नेत्रदान



भवानी मंडी (राजस्थान दक्षिण पूर्व) निवासी भंवरलाल माहेश्वरी का मरणोपरान्त उनके सुपुत्र श्यामबिहारी कुंजबिहारी एवं पंकज माहेश्वरी की सहमति से आई बैंक सोसायटी को नेत्रदान करवाया गया।




भवानी मंडी (राजस्थान दक्षिण पूर्व) निवासी नन्दलाल आहूजा का मरणोपरान्त उनके परिवार की सहमति से आई बैंक सोसायटी को नेत्रदान करवाया गया।



भवानी मंडी (राजस्थान दक्षिण पूर्व) निवासी रूक्मणी देवी पोरवाल का मरणोपरान्त उनके परिवार की सहमति से आई बैंक सोसायटी को नेत्रदान करवाया गया।




भवानी मंडी (राजस्थान दक्षिण पूर्व) निवासी ललित जैन का मरणोपरान्त उनके परिवार की सहमति से आई बैंक सोसायटी को नेत्रदान करवाया गया।



विवेकानन्द मुरादाबाद (रुहेलखण्ड) शाखा सदस्य आर.आर. अग्रवाल द्वारा अपनी माता श्रीमती राजेश्वरी देवी का मरणोपरान्त नेत्रदान करवाया गया।




रीजनल कार्यशाला, उत्तर मध्य रीजन -1, में मार्गदर्शन देते हुए गजेन्द्र सिंह संधू, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारत विकास परिषद्




नोएडा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश : शाखा द्वारा कम्प्यूटर लैब (जिसमें 22 कम्प्यूटर, ऑनलाइन यूपीएस, कैमरा और हेडफोन सहित सम्पूर्ण व्यवस्था के साथ) 'सरस्वती शिशु मंदिर, स्कूल को समर्पित किया गया। लैब का उद्घाटन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (केन्द्रीय कार्यालय) महेश बाबू गुप्ता, पूर्व शाखा अध्यक्ष प्रताप मेहता व स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश वीर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व शाखा अध्यक्ष अतुल वर्मा, सचिव इन्द्र मोहन कुमार, कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल, स्कूल सचिव प्रदीप भारद्वाज, मधु मेहता, अनिल अग्रवाल, सीमा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

RNI No. 19789/70 No. DL-(N)-112/2021-2023 Licensed to post without pre payment No. U (DN)-91/2021-22 Date of Printing 22.04.2021
Dates of Posting 27 & 28 April, 2021 from Ashok Vihar H.O. Delhi

# नर को नारायण मानकर की गई सेवा ही सच्ची सेवा है: निंबाराम



- **भारत विकास परिषद एवं रक्तमित्र टीम ने शहरवासियों को दी मोबाइल ब्लड वैन की सौगात**
- **शहर के दूरदराज इलाकों में रक्तदान के लिए पहुंच सकेगी मोबाइल ब्लड वैन**

**कोटा, 8 अप्रैल।** भारत विकास परिषद चिकित्सालय के ब्लड बैंक एवं रक्तमित्र टीम द्वारा शहरवासियों को सर्वसुविधायुक्त मोबाइल ब्लड वैन की सौगात दी गई है। गुरुवार को इस वातानुकूलित मोबाइल ब्लड वैन का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा, आरएसएस के प्रांत प्रचारक विजयानंद, विभाग प्रचारक मनोज प्रताप आरोग्य भारती के क्षेत्रीय प्रचारक लक्ष्मण भाव सिंह का स्वागत किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा समर्पण यह नर से नारायण तक की यात्रा है। किसी को नया जीवन देना ही महादान है, जीते जीते रक्तदान, जाते-जाते नेत्रदान, इसी भाव को लेकर हमें समाज की सेवा में जुटे रहना है, उन्होंने सभी से नेत्रदान का भी आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने कहा कि कोरानाकाल में भी भारत विकास परिषद की देशभर में 800 शाखाओं ने 118000 रक्तदान एकत्रित किया रक्त की कमी से किसी की मृत्यु ना हो, उन्होंने कोटा की महिला शाखा को धन्यवाद दिया उनके द्वारा किए गए कार्य सराहनीय रहे ।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक एवं भाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा द्वारा मोबाइल ब्लड वेन में आर्थिक सहयोग देने वाले 11 भामाशाहों का भी सम्मान किया गया।

Published & Printed by Ajay Dutta for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034
Editor : Dr. S.C.Gupta Printed at: DEEYA MEDIA ART, D-41/A, Opposite Metro Pillar No.33, Laxmi Nagar, Vikas Marg, Delhi-110092, Ph.: 9312550335